संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -50 गुरूवार ,21 दिसम्बर 2023 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# देश के खिलाफ बोलने पर जेल...मॉब लिंचिंग पर होगी फांसी

» **केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कानून में किया बदलाव?**

**नई दिल्ली,20 दिसम्बर 2023(ए)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में तीन नए क्रिमिनल लॉ बिल पर चर्चा की। इन तीनों बिलों को लोकसभा में पास कर दिया गया है। प्रस्तावित कानूनों के मुताबिक मॉब लिंचिंग के अपराध के लिए मौत की सजा का प्रावधान किया गया है। तो वहीं देश के खिलाफ बोलना देशद्रोह होगा। वहीं राजद्रोह को खत्म कर दिया गया है। भारतीय न्याय संहिता विधेयक 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक 2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक 2023 पहली बार मानसून सत्र के दौरान संसद में पेश किए गए थे।



### मॉब लिंचिंग पर नया क्या

➡नस्ल, जाति, समुदाय के आधार पर की गई हत्या संबंधित अपराध का नया प्रावधान जोड़ा गया है।
➡मॉल लिंचिंग की घटनाओं में आजीवन कारावास से लेकर मृत्युदंड की सजा का भी प्रावधान है।

### तस्करी को लेकर नए कानून में

नई न्याय सहिंता में सरकार ने तस्करी कानूनों को जेंडर-न्यूट्रल बना दिया है।

### राजद्रोह कानून खत्म

➡राजद्रोह कानून को पूरी तरह से निरस्त किया गया है।
➡मृत्युदंड की सजा को भी आजीवन कारावास में बदला जा सकेगा।
➡आजीवन कारावास को 7 साल तक की सजा में बदला जा सकेगा।

### महिला अपराध पर

➡गैंग रेप के मामलों में अब 20 साल की सजा का या आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान
➡18 साल से कम आयु की बच्चियों के मामले में आजीवन कारावास और मौत की सजा
➡झूठे वादे या पहचान छुपाकर यौन संबंध बनाना अब अपराध की श्रेणी में आएगा।
➡यौन हिंसा मामलों में बयान महिला न्यायिक मजिस्ट्रेट ही रिकॉर्ड करेगी।
➡पीड़िता का बयान उसके आवास पर महिला अधिकारी के सामने दर्ज करना होगा।
➡बयान रिकॉर्ड करते समय पीड़िता के माता-पिता या अभिभावक साथ रह सकते हैं।

### टेक्नोलॉजी पर नया कानून

➡एफआईआर से लेकर जजमेंट तक सब कुछ डिजिटलाइज होगा
➡जांच-पड़ताल से लेकर मुकदमे के साक्ष्यों तक की होगी रिकार्डिंग
➡पुलिस द्वारा सर्च और जब्ती की कार्यवाही में होगा टेक्नोलॉजी का उपयोग
➡इलेक्ट्रॉनिक या किसी भी तरह का डिजिटल रिकॉर्ड दस्तावेज माना जाएगा

### फॉरेंसिक पर नया क्या?

➡7 वर्ष या उससे अधिक की सजा वाले सभी अपराधों में फोरेंसिक अनिवार्य।
➡सभी राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों में फोरेंसिक का इस्तेमाल होगा जरूरी।
➡5 वर्ष के भीतर राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों में जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर होगा तैयार।

### नागरिक सुविधा को लेकर नए कानून में

➡किसी भी थाने में दर्ज हो सकेगी जीरो एफआईआर।
➡ई- एफआईआर के लिए जोड़े गए नए प्रावधान।
➡90 दिन में पुलिस अधिकारी को देनी होगी जांच की प्रगति की सूचना।

### घोषित अपराधियों पर चलेगा सख्त कानूनी हंटर

➡10 वर्ष या उससे अधिक,आजीवन एवं मृत्युदंड के दोषी अब प्रोक्लेम्ड ऑफेंडर घोषित किए जा सकेंगे।
➡घोषित अपराधियों की भारत से बाहर की संपत्ति को जब्त करने के लिए लाया गया नया प्रावधान।

### संगठित अपराध के खिलाफ नए प्रावधान

➡संगठित अपराध से संबंधित नई दांडिक धारा जोड़ी गई
➡सिंडिकेट की विधिविरुद्ध गतिविधि को बनाया गया दंडनीय
➡भारत की एकता और अखंडता के खिलाफ कृत्य को नए प्रावधानों को जोड़ा गया
➡80 सशस्त्र विद्रोह, विध्वंसक कृत्यों, अलगाववादी गतिविधियों को इसमें शामिल किया गया

### कानूनों में कई अहम सुधार

➡अब आरोपी को बरी करने के लिए याचिका दायर करने के लिए सात दिन मिलेंगे... जज को उन सात दिनों में और अधिकतम 120 दिनों में मामले की सुनवाई करनी होगी सुनवाई होगी।
➡पहले प्ली बार्गेनिंग के लिए कोई समय सीमा नहीं थी। अब अगर कोई अपराध के 30 दिनों के भीतर अपना अपराध स्वीकार कर लेता है तो सजा कम होगी।
➡सुनवाई के दौरान दस्तावेज पेश करने का कोई प्रावधान नहीं था। अब 30 दिनों के भीतर सभी दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य है। इसमें कोई देरी नहीं की जाएगी।
➡छोटे-मोटे अपराधिक मामलों में समरी ट्रायल से लाई जाएगी
➡तेजी चोरी-चकारी, आपराधिक धमकी जैसे मामलों में समरी ट्रायल होगा
➡जरुरी 3 साल तक की सजा वाले मामलों में मजिस्ट्रेट कर सकते हैं समरी ट्रायल ट्रायल इन एब्सेंटिया का प्रावधान लाया गया है। (वे लोग जो दूसरे देशों में छुपे हुए हैं और ट्रायल कर रहे हैं।) उन्हें अब यहां आने की जरूरत नहीं है। अगर वे 90 दिनों के भीतर अदालत में पेश नहीं होते हैं तो उनकी अनुपस्थिति में मुकदमा चलेगा...उनके खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए एक सरकारी वकील नियुक्त किया जाएगा।

# हिंसा में मारे गए 87 लोगों को आज किया गया दफन

» **मुर्दाघरों में 8 महीने से पड़े हुए थे शव**

**इम्फाल,20 दिसम्बर 2023 (ए)।** मणिपुर में हुई हिंसा के आठ महीने बाद कुकी-ज़ो समुदाय के 87 शवों को खुगा बांध के पास दफनाया गया है। 87 शवों में से 41 शव पिछले हफ्ते इम्फाल के मुर्दाघर से लाए गए थे जबकि 46 शव चुराचांदपुर में ही रखे थे। इस गमगीन मौके पर संयोजक ज़ो यूनाइटेड अल्बर्ट रेंथलेई ने अपने शब्दों में शोक जताया है।



### सुरक्षा के साये में शोक समारोह

बुधवार को चुराचांदपुर जिले के सेहकेन स्थित खुगा बांध के पास हिंसा पीड़ितों के 87 शवों को सामूहिक रूप से दफनाया गया। कड़ी सुरक्षा के बीच इन पीड़ितों-मृतकों के लिए वॉल ऑफ रिमेंबरेंस, पीस ग्राउंड, तुईबोंग में शोक समारोह आयोजित किया गया। यहां रविवार रात को दो आदिवासी समुदायों के सदस्यों के बीच झड़प के बाद जिले में धारा 144 अभी भी लागू है।

### 8 महीनों से मुर्दाघरों में रखे थे शव

बता दें कि ये शव बीते आठ माह से मुर्दाघरों में थे। आठ महीने बाद कुकी-ज़ो समुदाय के 87 शवों को खुगा बांध के पास दफनाया गया है। इस मौके पर संयोजक ज़ो यूनाइटेड अल्बर्ट रेंथलेई ने अपने शब्दों में शोक जताया तो वहीं गुडविल कार्उसिल के अध्यक्ष रेव. डॉ. एस वुंगमिनथांग ने भी शोक व्यक्त किया। इस दौरान ज्वाइंट आर्टिस्ट एसोशियेशन ने कोरल और शोकगीत प्रस्तुत किए। इस दफन स्थल का नाम 'कुकी-हमार-मिज़ो-ज़ोमी शहीद सेमेटरी' रखा गया है।

### 15 दिसंबर को दफनाए गए थे 19 शव

बता दें कि इसके पहले बीते 15 दिसंबर को 19 शवों को सामूहिक कार्यक्रम में दफनाया गया था. एक बयान में कहा कि शवों को सौंपने से आठ महीने की लंबी उथल-पुथल, हृदयविदारक और निराशा के बाद हमारे मृत भाइयों और बहनों की बहुप्रतीक्षित घर वापसी हुई है. फैजंग गांव में शहीद कब्रिस्तान में आप हमारे कल के लिए अपना आज बलिदान करें थीम के तहत सामूहिक शवों को दफनाने की प्रक्रिया की गई थी. इस दौरान गांव के स्वयंसेवकों द्वारा बंदूक की सलामी के साथ शोक संवेदना व्यक्त की गई।

# उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के समर्थन में उतरे भाजपाई

## राजस्थान-एमपी में राहुल गांधी और कल्याण बनर्जी का पुतला दहन

**नई दिल्ली,20 दिसम्बर 2023(ए)।** संसद परिसर में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री से नाराज भाजपा कार्यकर्ताओं ने सभापति के समर्थन में विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा नेताओं ने विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी और टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी का पुतला भी दहन किया।



### राहुल गांधी और कल्याण बनर्जी का पुतला दहन

मध्य प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की नकल की, जिसका समर्थन करने को लेकर भाजपा ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी के पुतले जलाए हैं। भाजपा नेता ने कहा कि उन्होंने न सिर्फ उपराष्ट्रपति का, बल्कि पूरे देश का अपमान किया है।

### उपराष्ट्रपति के समर्थन में उतरे भाजपा नेता

भाजपा नेता वीडी शर्मा, कैलाश विजयवर्गीय और विश्वास सारंग समेत अन्य ने नकल विवाद को लेकर भोपाल में टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के पुतले जलाए। इसके अलावा भाजपा कार्यकर्ताओं ने जयपुर में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के समर्थन में विरोध प्रदर्शन किया।

### कल्याण बनर्जी ने उतारी थी नकल

बता दें कि बीते दिन विपक्षी सांसदों के निलंबन के बाद टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की नकल उतारी। टीएमसी सांसद ने संसद भवन प्रवेश द्वार पर राज्यसभा के सभापति की मिमिक्री की थी। जब कल्याण बनर्जी मिमिक्री कर रहे थे तब राहुल गांधी उनका वीडियो बना रहे थे। इस पर अब विवाद शुरू हो गया है। भाजपा और केंद्र सरकार दोनों एक साथ विपक्षी नेताओं पर हमलावर है। इसी को लेकर भाजपा नेताओं ने आज विरोध प्रदर्शन किया और विपक्षी सांसदों के पुतले जलाए।

# पत्रकारों पर हुए एफआईआर की जांच की आरपीआई ने की मांग

### केंद्रीय राज्यमंत्री को लिखा पत्र


**रायपुर,20 दिसम्बर 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ में सत्ता परिवर्तन के बाद अब कांग्रेस के शासनकाल में जिन पत्रकारों के खिलाफ विभिन्न मामलों में स्नढ्ढक्र दर्ज किये गए थे, उनकी नए सिरे से जांच की मांग उठने लगी है। केंद्र सरकार में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास आठवले को इस संबंध में एक पत्र छत्तीसगढ़ आरपीआई (रिपब्लिकन पार्टी ऑफ़ इंडिया) के पूर्व अध्यक्ष और वर्तमान में राष्ट्रीय सचिव विजय प्रसाद गुप्ता ने लिखा है।आठवले को लिखे पत्र में उल्लेख है कि कांग्रेस के शासनकाल में अनेक पत्रकारों को प्रताड़ित किया गया और उनके खिलाफ झूठे मुक़दमे दर्ज किये गए। इनमे से कुछ पत्रकार अब भी जेल में हैं। पत्र में 10 ऐसे पत्रकारों की सूची सौंपी गई है, जिनके खिलाफ मामले चल रहे हैं। मांग की गई है कि पत्र के साथ संलग्न पत्रकारों की सूची को ध्यान में रखकर इन्हें सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही इनके विरुद्ध दर्ज सुनियोजित प्रकरणों पर उच्च स्तरीय जांच हेतु समिति गठित की जाये, जांच उपरांत उच्च न्यायालय में शासन की ओर से सभी प्रकरणों पर हलफनामा दायर करने की अनुशंसा की जावे एवं संबंधित पत्रकारों को उचित आर्थिक सहायता भी दी जाये।




# 30 साल बाद सामने आई मुंबई हमले के मोस्ट वांटेड टाइगर मेमन की तस्वीर

### आलीशान बंगले को बनाया अपना ठिकाना

**नई दिल्ली,20 दिसम्बर 2023 (ए)।** 12 मार्च, 1993 को हुए सीरियल बम ब्लास्ट के आरोपी टाइगर मेमन की 30 साल बाद नई फोटो सामने आई है। एक हिंदी न्यूज चैनल के हवाले से टाइगर दाऊद की तरह ही कराची के डिफेंस एरिया में बने एक आलीशान बंगले में रहता है। बंगले के चारों ओर कड़ी सुरक्षा रहती है। यह पूरा एरिया सीसीटीवी की निगरानी में है। टाइगर मेमन का असली नाम इब्राहिम मेमन है।टाइगर का पूरा परिवार मुंबई का रहने वाला है। टाइगर मेमन के परिवार का मुखिया अब्दुल रज्जाक मेमन जो एक कारोबारी थे। वह अपनी पत्नी हनीफा और छह बेटों के साथ मुंबई के भिंडी बाजार इलाके में रहता था और परिवार का सबसे छोटा बेटा इब्राहिम उर्फ टाइगर मेमन 80 के दशक में अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के साथ मिल गया और काले धंधे का काम फैलाने लगा। इतना ही नहीं टाइगर मेमन ने अपने दूसरे भाई याकूब मेमन जोकि एक चार्टेड अकाउंटेंट था उसे भी अपने साथ शामिल कर लिया।



इसके बाद देश को हिला देने वाला मुंबई में 12 अप्रैल 1993 के दिन स्टॉक एक्सचेंज बिल्डिंग से शुरू होकर अलग-अलग जगहों पर 12 धमाके किए गए इस सीरियल ब्लास्ट में 257 लोग मारे गए थे और 700 लोग घायल हुए। इन धमाकों का मास्ट माइंड दाऊद इब्राहिम था।

इसके बाद पुलिस कार्रवाई में याकूब मेमन को 1994 में दिल्ली से गिरफ्तार किया गया और टाइगर के पिता रज्जाक, मां हनीफा, भाई ईसा और युसूफ, याकूब की पत्नी राहिना, बड़े भाई की पत्नी रुबीना को भी मुंबई ब्लास्ट का आरोपी बनाया। मुंबई की विशेष टाडा अदालत ने नवंबर 2006 में 1993 मुंबई सीरियल ब्लास्ट केस में फैसला सुनाया। कुल 600 लोगों की गवाही और सबूतों के आधार पर इस केस में 100 लोग दोषी साबित हुए जबकि मुख्य आरोपी टाइगर मेमन फरार था।

# दाऊद के मरने की खबर फिर निकली झूठी

» **अटेंशन के लिए पाकिस्तान ने उड़ाई थी अफवाह!**

**मुंबई,20 दिसम्बर 2023 (ए)।** अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम को लेकर 18 दिसम्बर से फैली खबर ने हर किसी को हिला दिया है। 18 को सोशल मीडिया पर तेजी से दाऊद को लेकर खबर वायरल हो रही थी, जिसमें बताया था कि दाऊद को किसी ने गलती से जहर दे दिया है। जिसकी वजह से उसकी हालत गंभीर बनी हुई है, जहां वह कराची के एक अस्पताल में भर्ती करवाए जाने की सूचना भी थी। हालाकि बाद में बता दिया गया था कि उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई है।वहीं अब सूत्रों के माध्यम से पता चला है कि दाऊद को कुछ नहीं हुआ है। उसके मरने की खबर सिर्फ अफवाह है। ऐसा पहली बार नहीं हुआ, इससे पहले भी 3 बार 2016, 2017 और 2020 में उसके मरने की खबरें आई हैं। दाऊद के केस को फॉलो करने वाले सेंट्रल जांच एजेंसी के एक अधिकारी ने बताया कि दाऊद को जहर देने की खबर कोरी अफवाह है। अटेंशन डायवर्ट करने के लिए इसे पाकिस्तान की ओर से उड़ाया गया है। दाऊद वहां पूरी तरह सेफ है। ऐसी भी जानकारी है कि दाऊद ने अपने लिए मुंबई से भरोसेमंद शेफ बुलाया है। कई साल से वही दाऊद के लिए खाना बनाता है।दाऊद के अस्पताल में भर्ती होने की खबर के बीच पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और मौजूदा केयरटेकर प्रधानमंत्री अनवार-उल-हक काकड़ ने दाऊद को सम्मान देते हुए उसे जहर दिए पर दुख जताया गया था। बाद में कुछ यूजर्स ने दावा किया कि शाहबाज शरीफ ने पोस्ट डिलीट कर दी है।



# मुंबई के गलियारों में इंसानियत हुई शर्मसार

» **64 वर्षीय विधवा के साथ सामूहिक दुष्कर्म,गुप्तांगों पर हथौड़े से वार; फिर मरने के लिए छोड़ दिया**

**मुंबई ,20 दिसम्बर 2023 (ए)।** उत्तर-पूर्वी मुंबई के ट्रॉम्बे में कम से कम दो से तीन युवकों ने 64 वर्षीय एक विधवा का अपहरण किया, उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया और उसकी बेरहमी से पिटाई की। पुलिस ने यह जानकारी दी। पीड़िता की बेटी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, उसकी मां सोमवार रात कुर्ला के नेहरू नगर इलाके में पास के खंडोबा मंदिर में पूजा करने गई थी। कहा जाता है कि वहां से कम से कम 3 लोगों ने उसका पीछा किया और अपहरण कर उसे अपने साथ ट्रॉम्बे में ठाणे क्रीक के पास एक सुनसान जगह पर ले गए, जहां उन्होंने उसके साथ बेरहमी से दुष्कर्म किया। दरिंदों ने पीड़िता के चेहरे, सिर, गुप्तांगों और अन्य अंगों पर बार-बार हथौड़े से वार किया, जिससे वह गिर गई और निर्जन खाड़ी क्षेत्र में बेहोश हो गई, उसके शरीर पर कोई वस्त्र नहीं था। बेटी की शिकायत के अनुसार, उसे मरी हुई मानकर तीनों दरिंदे अंधेरे फायदा उठाकर भाग गए। मंगलवार सुबह लगभग 5 बजे एक स्थानीय महिला ने बुजुर्ग पीड़िता को बिना कपड़ों के, खून बहते हुए और मदद की गुहार लगाते हुए देखा। उनकी रोती हुई बेटी ने मंगलवार देर रात बताया, उस दयालु महिला ने पहले उसे पहनने के लिए एक गाउन दिया। उसने पुलिस को सूचित किया, जो घटनास्थल पर पहुंची।



ट्रॉम्बे पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने कहा कि वे पीड़िता को तुरंत घाटकोपर में बीएमसी के राजावाड़ी अस्पताल ले गए और उसके सिर की चोटों के कारण उसका सीटी स्कैन किया जाएगा। अधिकारी ने कहा कि एक युवक को हिरासत में लिया गया है और उसके साथियों के बारे में पूछताछ की जा रही है। महिला अपनी बेटी और 9 साल की नतिनी के साथ रहती है। वह स्थानीय बाजारों में मछली और झाड़ू बेचकर जीविकोपार्जन करती है।

# 20 वर्षों से मैं भी ये अपमान सह रहा हूं...

### अपमानजनक नकल उतारे जाने पर जताया दुःख

**नई दिल्ली,20 दिसम्बर 2023 (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को फोन कर एक सांसद द्वारा उनकी अपमानजनक तरीके से नकल उतारे जाने पर दुःख व्यक्त किया है।

राज्यसभा के पदेन सभापति धनखड़ ने बताया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फोन आया और उन्होंने संसद परिसर में कुछ सांसदों द्वारा प्रदर्शित की गयी अपमानजनक नाटकीयता पर अत्यंत दुःख व्यक्त किया। उन्होंने मुझे बताया कि वह पिछले 20 वर्षों से इस तरह के अपमान सहते आ रहे हैं, लेकिन देश के उपराष्ट्रपति जैसे संवैधानिक पद के साथ, और वह भी संसद में, ऐसा होना दुर्भाग्यपूर्ण है।



धनखड़ ने कहा, मैंने प्रधानमंत्री से कहा कुछ लोगों की बेतुकी हरकतें मुझे मेरा कर्तव्य निभाने और हमारे संविधान में निहित सिद्धांतों का सम्मान करने से नहीं रोक सकती हैं। मैं संवैधानिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध हूं और इस प्रकार के अपमान मुझे अपने मार्ग से विचलित नहीं कर सकते।

इससे पहले मंगलवार को राज्यसभा में सभापति ने कहा सोचिए कि मेरे दिल पर क्या गुजर रही होगी जब एक सांसद (कल्याण बनर्जी) द्वारा उपराष्ट्रपति का मजाक उड़ाया जा रहा था और एक वरिष्ठ नेता (राहुल गांधी) वीडियोग्राफी कर रहे थे। इसमें मुझ पर व्यक्तिगत हमला किया जा रहा था।

धनखड़ ने कहा, यह एक किसान और एक समुदाय का अपमान मात्र नहीं है, यह राज्य सभा के सभापति के पद का निरादर है। और वह भी एक ऐसी राजनीतिक पार्टी के सदस्य द्वारा जिसने इतने लंबे समय तक शासन किया हो।

## संपादकीय

# तेलंगाना में किसको फायदा ?

तेलंगाना के विधानसभा चुनाव के बाद बाद फोकस आंध्र प्रदेश पर है। हालांकि तेलंगाना की तरह आंध्र में जगन मोहन रेड्डी की सरकार 10 साल की नहीं है, लेकिन माना जा रहा है कि तेलंगाना की तरह वहां भी एंटी इन्कम्बैंसी हो सकती है। ध्यान रहे आसपास के दो राज्यों में छह महीने के अंदर में सत्ता परिवर्तन हुआ है। पहले कर्नाटक में भाजपा को हरा कर कांग्रेस जीती और फिर तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति को हरा कर कांग्रेस ने सरकार बनाई है। अब सबकी नजर आंध्र प्रदेश पर है, जहां कांग्रेस 10 साल से सत्ता से बाहर है। आंध्र प्रदेश का विभाजन करने के बाद कांग्रेस शून्य पर आ गई। पिछले विधानसभा चुनाव में तो कांग्रेस को सिर्फ सवा फीसदी वोट मिले थे। गौरतलब है कि आंध्र प्रदेश में लोकसभा के साथ ही विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं और कांग्रेस इस भरोसे में है कि मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की बहन वाईएस शर्मिला उसके साथ जुड़ कर कांग्रेस को फायदा पहुंचाएंगी।

तभी यह सवाल है कि कर्नाटक और तेलंगाना के बाद कांग्रेस के प्रति जो धारणा बदली है उसका फायदा उसको मिल पाएगा? या मुख्य विपक्ष की भूमिका निभा रही तेलुगू देशम पार्टी को फायदा होगा? ध्यान रहे आंध्र प्रदेश का बंटवारा करके अलग राज्य बनाने के नाम पर कांग्रेस ने तेलंगाना में इस बार प्रचार किया था और चुनाव जीती। इसलिए संभव है कि तेलंगाना में जिस मुद्दे पर फायदा मिला, आंध्र प्रदेश में उसका नुकसान हो क्योंकि आंध्र के लोग राज्य के विभाजन से नाराज थे। उनकी नाराजगी अभी दूर नहीं हुई है। दूसरी ओर तेलुगू देशम पार्टी ने लगातार जगन मोहन रेड्डी सरकार के खिलाफ अभियान चलाया है। जगन इतने परेशान थे कि उन्होंने पिछले दिनों एक पुराने मुकदमे में चंद्रबाबू नायडू को गिरफ्तार कराया। इसके अलावा टीडीपी के साथ एक फायदे वाली बात यह है कि मशहूर तेलुगू फिल्म स्टार पवन कल्याण की जन सेना पार्टी ने टीडीपी से तालमेल कर लिया है और संभव है कि चुनाव आते आते भाजपा भी तालमेल करे।

# विपक्ष को सीट बंटवारे से आगे देखना होगा

तीन महीने से कुछ ज्यादा अरसे के बाद एक बार फिर विपक्षी पार्टियों के नेताओं की बैठक होने वाली है। बड़े राजनीतिक उथल-पुथल वाले घटनाक्रम के बाद विपक्ष की यह बैठक हो रही है। आखिरी बैठक 31 अगस्त और एक सितंबर को मुंबई में हुई थी और उसके बाद 13 सितंबर को विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की 13 सदस्यों की समन्वय समिति की बैठक हुई थी। उस बैठक में एकमात्र फैसला यह हुआ था कि विपक्षी गठबंधन की भोपाल में साझा रैली होगी परंतु कांग्रेस के नेता कमलनाथ ने उस पर पानी फेर दिया था। बहरहाल, विपक्ष की आखिरी बैठक के बाद पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव हुए, जिसमें चार राज्यों में कांग्रेस हारी और सिर्फ एक दक्षिणी राज्य तेलंगाना में सरकार बनाने में उसे कामयाबी मिली।

इस अवधि में एक के बाद एक कई घटनाएं हुई- कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का विवाद हुआ और फिर सुलह भी हुई, विपक्षी गठबंधन के प्राइम मूवर नीतीश कुमार के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर गंभीर सवाल उठे, जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 को खत्म करने के सरकार के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर लगी, संसद की सुरक्षा में चूक हुई, 14 सांसद निलंबित हुए और सरकार व विपक्ष में टकराव का नया दौर शुरू हुआ, ईडी ने आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार किया और दो मुख्यमंत्रियों- अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन को समन जारी किया।

इन तमाम घटनाओं के बाद 19 दिसंबर को जब विपक्षी पार्टियों के नेता बैठक करेंगे तो सबसे बड़ा सवाल उनके सामने होगा कि आगे की राह क्या हो? पांच राज्यों के चुनाव नतीजों से विपक्ष को यह तो समझ में आया है कि सिर्फ बातों में एकता बनाने से काम नहीं चलेगा। अगर जमीनी स्तर पर एकता बनेगी और भाजपा के साथ आमने-सामने की लड़ाई बनेगी तभी कोई फायदा होगा। अगर विपक्ष की छोटी छोटी पार्टियों ने तालमेल किया होता तो राजस्थान और छत्तीसगढ़ में नतीजे अलग आए होते। इन दो राज्यों के आंकड़ों से भी विपक्षी पार्टियों को सीधी लड़ाई बनाने की जरुरत का अहसास हुआ होगा। अब तक इस बारे में सिर्फ बातें होती रही हैं कि हर सीट पर भाजपा के खिलाफ विपक्ष का एक उम्मीदवार उतारना है। अब उसको मूर्त रूप देने का समय आ गया है। सो, निश्चित रूप से विपक्षी पार्टियां इस बारे में बात करेंगी।

लेकिन यह एकमात्र मुद्दा नहीं है, जिस पर विपक्षी पार्टियों को विचार करने की जरुरत है। ज्यादातर पार्टियां चाहती हैं कि जल्दी से जल्दी सीटों का बंटवारा हो और ज्यादा से ज्यादा राज्यों में गठबंधन को अंतिम रूप दिया जाए। यह जरूरी है लेकिन सिर्फ गठबंधन का विस्तार करने या सीट बंटवारा कर लेने से भाजपा से लड़ाई संभव नहीं है। यह भाजपा से लड़ाई की रणनीति का सिर्फ एक हिस्सा हो सकता है। एक मजबूत गठबंधन बनाने के लिए विपक्षी पार्टियों सबसे पहले अपने विस्तार की चिंता छोड़नी होगी। अभी ज्यादातर पार्टियां अपने विस्तार की चिंता में लगी हैं। उनको लग रहा है कि उन्हें अपने असर वाले राज्यों में लड़ने के लिए ज्यादा सीट मिल जाएं और अपने असर वाले राज्य से बाहर भी कुछ सीटें मिल जाएं। यानी सभी पार्टियां ज्यादा से ज्यादा सीट लड़ना चाहती हैं। चार राज्यों में कांग्रेस की हार के बाद प्रादेशिक पार्टियों का हौसला बढ़ा है और उनको लग रहा है कि वे कांग्रेस से मोलभाव करके ज्यादा सीटें हासिल कर सकती हैं। दूसरी ओर कांग्रेस भी हर राज्य में 40 फीसदी वोट मिलने के आंकड़ों के आधार पर अपनी मजबूती बताने में लगी है। वह गठबंधन का नेतृत्व करने और ज्यादा से ज्यादा सीट पर लड़ने की सोच छोड़ नहीं रही है। सो, अपने विस्तार और गठबंधन के विस्तार से आगे विपक्षी पार्टियों को सोचना होगा। दूसरी अहम बात यह है कि विचारधारा में समानता और एकरुपता के लिए काम करना होगा। यह ध्यान रखने की जरुरत है कि सिर्फ ज्यादा पार्टियों को इकट्ठा कर लेने या ज्यादा राज्यों में तालमेल कर लेने या हर सीट पर भाजपा के खिलाफ विपक्ष का एक उम्मीदवार उतार देने से विपक्षी गठबंधन की जीत की गारंटी नहीं होगी। मजबूत गठबंधन, संगठन, जमीनी तैयारी, संसाधन आदि चीजें जरूरी हैं लेकिन उसके साथ ही एक वैकल्पिक विचार की भी जरुरत है। दुर्भाग्य से विपक्षी गठबंधन अभी इसे तय नहीं कर पा रहा है। कांग्रेस भी अलग अलग मुद्दे आजमा रही है और प्रादेशिक पार्टियां भी राज्यों में अपने हिसाब से मुद्दे आजमा रही हैं। लेकिन मुद्दों और विचारधारा पर समानता और एकरुपता नहीं दिख रही है। यहां तक कि कांग्रेस खुद ही अलग अलग राज्यों में अलग अलग मुद्दे और विचार आजमा रही है।

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की अगली बैठक में इस पर गंभीरता से विचार करना होगा। यह समझना होगा कि भाजपा से लड़ने के लिए भाजपा जैसे ही विचार की जरुरत नहीं है। इसके लिए प्रतिविचार की जरुरत है। लेकिन यह भी ध्यान रखना होगा कि वह प्रतिविचार डीएमके के सनातन विरोध की तरह नहीं हो। इसके बीच संतुलन बनाने की जरुरत होगी। भाजपा के हिंदुत्व, राष्ट्रवाद और मजबूत नेतृतव के तीन मुद्दों का जवाब देने के लिए क्या किया जा सकता है इस पर विचार करना होगा। विपक्षी पार्टियों को भाजपा की ओर से बनाए नैरेटिव के जाल में भी नहीं फंसना है। विपक्ष ने जाति गणना के जिस मुद्दे में अपने को इतना खपाया वह हिंदी पट्टी के राज्यों में सफल नहीं हुआ है। मुफ्त की वस्तुओं और सेवाओं की घोषणा में भी अब कुछ नयापन नहीं रह गया। सारी पार्टियां इसे आजमा रही हैं। सो, विपक्षी पार्टियों को नए आइडियाज के बारे में सोचना होगा। मुश्किल यह है कि अब समय कम बचा है।

दूसरी ओ भाजपा ने अपना नैरेटिव सेट कर दिया है। जम्मू कश्मीर से राष्ट्रवाद और अयोध्या से हिंदुत्व का एजेंडा सेट है तो दूसरी ओर राज्यों में पिछड़े, दलित, आदिवासी के साथ सवर्ण का इंद्रधनुषी समीकरण भाजपा ने बनाया है। और ऐसा नहीं है कि यह एक-दो महीने या एक-दो साल में हुआ है। पहले की तरह भाजपा और संघ ने तात्कालिक ध्रुवीकरण की बजाय व्यापक हिंदू समाज के पुनर्जागरण का माहौल बनाया है। इसके लिए क्या वैकल्पिक एजेंडा हो सकता है उस पर विपक्ष को गंभीरता से विचार करना होगा। कम समय में किस एजेंडे को आम लोगों के दिमाग में बैठाया जा सकता है उसकी तलाश सबसे जरूरी है। कांग्रेस अब संसद की सुरक्षा में चूक के बाद बेरोजगारी और महंगाई का मुद्दा उठा रही है लेकिन विपक्ष अगर लोगों को यह नहीं समझा पाता है कि उनके अपने हित के लिए गठबंधन की जीत जरूरी है तब तक गठबंधन का आकार बढ़ाने का कोई फायदा नहीं होगा।

अंत में विपक्षी पार्टियों को अपने काडर के बीच तालमेल बनाने की जरुरत होगी। राजनीतिक दलों का काडर बिजली के स्विच की तरह काम नहीं करता है। यह संभव नहीं है कि आज आपस में लड़ रही दो पार्टियों के नेता कल दिल्ली में समझौता कर लें तो जमीन पर उनके समर्थक और काडर भी एक हो जाएंगे। यह एक मुश्किल और श्रमसाध्य काम है। इसके लिए सभी पार्टियों के नेताओं को मेहनत करनी होगी। उन्हें अपने काडर तक पहुंचना होगा और उसे नए गठबंधन के लिए तैयार करना होगा। अगर काडर एकजुट नहीं होता है और सभी दलों के कोर समर्थक मतदाता समूह में एकजुटता का मैसेज नहीं जाता है तो कितना भी बड़ा गठबंधन बने उसका फायदा नहीं होगा। सो, 19 दिसंबर की बैठक में पार्टियों को सीट बंटवारे से आगे बढ़ कर वैकल्पिक मुद्दों और नैरेटिव पर विचार करना होगा और साथ ही सभी पार्टियों के काडर के बीच तालमेल बनाने की योजना बनानी होगी।

**-अजीत द्विवेदी-**

# विपक्ष नकल करता है अक्ल नहीं लगाता!

विपक्ष के पुराने और नए नेता नरेंद्र मोदी की देखा-देखी वह सब कर रहे है जो चुनाव प्रबंधन के नए तौर-तरीके हैं। सोशल मीडिया, सर्वे टीम, चुनावी प्रबंध की एजेंसियों, पेशेवरों, मार्केटिंग-ब्रांडिंग की पोस्टरबाजी के सारे तामझाम राहुल, अखिलेश, तेजस्वी, हेमंत, अरविंद केजरीवाल, जयंत चौधरी, अभिषेक बनर्जी आदि चुनावों में अपनाए हुए होते हैं। करोड़ों-अरबों रुपए खर्च करते हैं। निश्चित ही चार महीने बाद 'इंडिया' एलांयस की पार्टियां इसी ढर्रे पर लोकसभा चुनाव लड़ेंगी। मगर होगा वही जो अभी उत्तर भारत में हुआ है। कांग्रेस जैसे हारी है। क्यों?

जवाब में राहुल गांधी, केजरीवाल, अखिलेश, मायावती, लालू यादव, नीतीश कुमार, हेमंत सोरेन आदि को खुद यह सोचना चाहिए कि इनके पास वह जुमला, वह मुद्दा, वह जादू, वह अभिनय, वह स्क्रिप्ट कहां है, जिसके भौकाल से लोग नरेंद्र मोदी की बजाय उनकी फिल्म पसंद करें? उनके भक्त बने? क्या विपक्ष किसी ऐसे चेहरे को मोदी के आगे उतार सकता है, जिससे लोग ठिठक कर सोचें, हां, यह तो काबिल है, दमदार है और इसे ही वोट देना है! या क्या विपक्ष के पास नरेंद्र मोदी को घेरने का ऐसा मुद्दा, ऐसा आरोप है, जिससे लोग नरेंद्र मोदी के खिलाफ सोचने को मजबूर हों? लोग गुस्सा हो जाएं? अगला सवाल है कि विपक्षी नेताओं में यह संकल्प है कहां कि कुछ भी हो जाए हम एक साथ करो-मरो में नरेंद्र मोदी को हराने की प्रतिज्ञा करते हैं?

विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद विपक्षी नेताओं की क्या कानाफूसी सुनाई दी? अखिलेश अपने अंतरंगों में कहते हुए थे अच्छा हुआ कांग्रेस को औकात मालूम हुई! सब यह खैर मनाते हुए थे कि अब कांग्रेस दबी रहेगी! नीतीश को भरोसा हुआ कि वे अब 'इंडिया' के मालिक। ऐसे ही मनीष सिसोदिया, संजय सिंह के जेल में होने और केजरीवाल के जेल जाने के आसार के बावजूद आप पार्टी के नेताओं में गलतफहमी है कि वे दिल्ली, हरियाणा, पंजाब में अकेले मोदी को लोकसभा सीटें नहीं जीतने नहीं देंगे। कांग्रेस या तो हमारी शर्तों पर सीट समझौता करे नहीं तो हम अकेले लड़ेंगे।

हां, इसी अंदाज में सब नेता, सभी विरोधी पार्टियां एक-दूसरे को लेकर सोचते हुए हैं। आखिरी वक्त तक ऐकला चलो के ढर्रे में पार्टियां तैयारियां करेंगी और ऐन वक्त सीट एडजस्टमेंट से हवा बनाई जाएगी कि हम मोदी को हराने के लिए एकजुट हो गए हैं। पर उससे माहौल कैसे बनेगा? यूपी-बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छतीसगढ़ आदि में मोदी भक्तों की भीड़ और मोबिलाइजेशन के आगे मोदी विरोधियों में क्या कोई वैसी बिजली कड़की हुई होगी जैसे इमरजेंसी के बाद विपक्षी एकता बनते ही उत्तर भारत में फिजा बदली थी? 1977 का वक्त हो या 2014 के चुनाव से पहले का अन्ना हजारे आंदोलन व मोदी-शाह का भौकाल कई महीनों में धीरे-धीरे पका था। जबकि 'इंडिया' एलायंस में होना क्या है? राहुल, अखिलेश, नीतीश, तेजस्वी, हेमंत, केजरीवाल आदि पहले अपने सलाहकारों, सर्वेयरों, मैनेजरों से हिसाब लगवाते रहेंगे कि हम फलां-फलां सीट को जीत लेंगे। फिर सौदेबाजी करेंगे। खींचतान होगी। मार्च तक सीट एडजस्टमेंट बना होगा और सभी अपने खाते की सीट पर विपक्षी वोटों की गोलबंदी से भाजपा को हराने की गलतफहमी में रहेंगे। न पार्टियों के कार्यकर्ताओं में मिलजुल कर मेहनत का जोश बना हुआ होगा और न किसी नारे, मुद्दे का अखिल भारतीय भौकाल व नैरेटिव होगा।

मेरा मकसद विपक्ष के मनोबल को पंक्चर करने का नहीं है और न नरेंद्र मोदी को अजेय बताने का है। इंदिरा गांधी जब लुंजपुंज एलायंस से हार गई थी और राजीव गांधी की 420 सीटों का बहुमत भी जब पांच साल बाद में हार में बदला था तो नरेंद्र मोदी और भाजपा के चालीस प्रतिशत भक्त हमेशा जीतते जाने की गारंटी नहीं है। मगर हवा का रूख और परिवर्तन का माहौल तो पहले पका हुआ होना चाहिए। उत्तर भारत में इतनी बुरी हार के बाद चार महीनों में केजरीवाल, खड़गे-राहुल, अखिलेश, तेजस्वी, हेमंत, नीतीश कुमार में अपनी कमियों-गलतियों को समझ कर अक्ल से करो-मरो की एकता बना ले और चुनाव लड़े तो यह फिलहाल असंभव सा है। फिर भले तमाम विरोधी नेता जानते हुए हैं कि मई 2024 में हारने के बाद उनका खत्म होना तय है।

**-हरिशंकर व्यास-**

# बड़े अमीर देशों के ऐशो आराम, शेष देशों का जीना हुआ हराम

संयुक्त राष्ट्र संघ की संस्था आई,पी,सी,सी, की ताजा रिपोर्ताज के अनुसार विश्व के



**संजीव ठाकुर,**
चौबे कॉलोनी ,रायपुर छत्तीसगढ़,

अमीर देश अकेले ही 60त्र से ज्यादा उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार हैं। जबकि इसका उल्टा गरीब देशों का कुल गैस उत्सर्जन का 12 से 14त्र ही है और स्थिति यह है कि विश्व ग्लोबल वार्मिंग की 1.5 डिग्री सेल्सियस से 2 डिग्री सेल्सियस तक ही सीमित करने से कोसों दूर हैं। ग्लोबल वार्मिंग का खतरा वैज्ञानिकों के अनुसार पूरे विश्व में बहुत बढ़ गया है और ऐतिहासिक तौर पर पिछले दो से तीन सौ वर्षो की तुलना की जाए तो बीते कुछ वर्षो में धरती का तापमान आश्चर्यजनक रूप से तीव्र गति से बढ़ गया है। वैज्ञानिकों के अनुसार पृथ्वी के पास ग्लोबल वार्मिंग से बचने के लिए कुल मिलाकर 10 से 15 वर्ष ही शेष है। वैज्ञानिकों की यह बातें और रहस्योद्घाटन मानवता को डराने वाला जरूर है पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़े अमीर देशो द्वारा इसके उपायों की जो घोर अनदेखी की जा रही है वह अत्यंत चिंतनीय और चौकाने वाली है। मानवता के लिए अत्यंत खतरनाक भी है। ग्लोबल वार्मिंग न सिर्फ मनुष्य के लिए खतरा है बल्कि जीव-जंतुओं समुद्र मैं पाए जाने वाले जीवो के लिए भी यह अत्यंत विषैला तथा खतरनाक हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिकों के शोध के अनुसार जीवाश्म ईंधन के दशक ने एवं जलने से ग्लोबल वार्मिंग का तापमान तेजी से बढ़ा है एवं पूरी पृथ्वी जीवाश्म ईंधन के जलने से तेजी से धड़क रही है। वैज्ञानिकों की चेतावनी तथा दिए गए प्रमाण के बाद भी अनेक देश जो कार्बन उत्सर्जन के बड़े जिम्मेदार हैं, जीवाश्म ईंधन की इस्तेमाल को कम करने या खत्म करने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। जीवाश्म ईंधन की खपत खत्म होने की बात तो दूर है कम करने का नाम ही नहीं ले रहे हैं, और तो और इसके आसार भी निकट भविष्य में दिखाई नहीं दे रहे हैं। भारत को छोड़कर अन्य यूरोपीय देशों जिसमें अमेरिका ब्रिटेन के अलावा 32 देशों ने जो कार्बन उत्सर्जन एवं जीवाश्म ईंधन के उपयोग के लिए सर्वाधिक जिम्मेदार हैं, सम्मेलन कर इस पर चिंता जरूर जताई है पर इसमें स्पष्ट तौर पर अमेरिका, ब्रिटेन ,जापान चीन ,रूस की दादागिरी दिखाई देती है,यह छोटे गरीब देशों पर सारी जिम्मेदारी लादने का काम कर रहे हैं ।विश्व के कुल देशों में से लगभग 50 देश ऐसे हैं जो जीवाश्म ईंधन का उपयोग कर पृथ्वी को धधकाने के कार्य का 60त्र तक हिस्सेदारी रखते हैं। लेकिन इन देशों को ग्लोबल वार्मिंग की चिंता की बजाए विकासशील देश एवं गरीब देशों पर पर्यावरण सुरक्षा के नाम पर ग्लोबल वार्मिंग के नाम पर दोषारोपण कर के अपनी इतिश्री कर लेते हैं। ग्लोबल वार्मिंग तथा पर्यावरण चिंतन जितने भी सम्मेलन हुए हैं इसमें बड़े देशों की नीति एवं दादागिरी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। चीन जो सबसे बड़ा कार्बन का उत्सर्जक देश है उसने पर्यावरण पर हुए सम्मेलनों में हिस्सेदारी तो दूर उसकी तरफ ध्यान देना भी उचित नहीं समझा। इंटरनेशनल पॉल्यूशन कंट्रोल कमिटी ने चेतावनी दी है कि धरती के तापमान की वृद्धि को डेढ़ डिग्री तक रोकने के लिए कार्बन उत्सर्जन में 43त्र से 50त्र तक कटौती करनी होगी। 2010 से लेकर 2021 तक दुनिया का औसत वार्षिक ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन मानव इतिहास में सबसे उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है जो सर्वाधिक खतरे के निशान से भी ऊपर है। फलस्वरूप जलवायु परिवर्तन के वजह से होने वाली ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए हमें अपने उत्सर्जन को लगभग शून्य पर लाना होगा, और इस कार्य के लिए पूरी दुनिया को ऊर्जा क्षेत्र में बड़े और कार्यकारी बदलाव लाने होंगे, इसके अलावा जीवाश्म ईंधन के उपभोग में भारी कमी भी लानी पड़ेगी। विगत 3 वर्षों में अक्षय ऊर्जा स्रोतों में जैसे सौर एवं पवन ऊर्जा साथी स्टोरेज बैटरी की लागत में आश्चर्यजनक गिरावट आई है जो लगभग गैस तथा कोयले की कीमत के बराबर हो गए हैं। कार्बन उत्सर्जन अभी 54त्र अधिक है। वास्तविक रूप से देखा जाए तो दुनिया के सब अमीर देश अकेले विश्व के कुल गैस उत्सर्जन के लिए बड़े जिम्मेदार पाए गए हैं। वैज्ञानिकों ने कहा है कि अगले आठ दस सालों में अपने गैस उत्सर्जन में कटौती को आधा यानी 50त्र से कम नहीं करती है तो वर्ष 2050 तक उसे शून्य स्तर पर लाना होगा, अगर ऐसा नहीं किया तो पृथ्वी को तबाह होने से कोई नहीं रोक सकता है। भारतीय संदर्भ में देखा जाए तो भारत मोटे तौर पर ग्रीन हाउस गैसों के कुल वैश्विक उत्सर्जन में सहित 6.8 प्रतिशत का हिस्सेदार है। 1990 से लेकर 1920 तक भारत के ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में एक में 175त्र की बढ़ोतरी हुई है। 2013 से 2021 के बीच देश के प्रति व्यक्ति उत्सर्जन की मात्रा 17 फ़ीसदी बढ़ी है, राहत की बात यह है कि अब भी भारत का उत्सर्जन स्तर जी-20 देशों के औसत स्तर से बहुत नीचे है। देश में अक्षय ऊर्जा की हिस्सेदारी 11त्र की है, भारत की कुल ऊर्जा आपूर्ति में जीवाश्म ईंधन आधारित प्लांट का योगदान 74त्र है। यदि कार्बन उत्सर्जन को रोका नहीं गया और जीवाश्म ईंधन के उपयोग की रफ्तार यही रही तो भारत सहित विश्व के अधिकांश देश अपनी धरती को बचाने में सक्षम नहीं होंगे।

# उपराष्ट्रपति की मिमिक्री और संसद की तुलना कोरियाई सदन से कर विपक्ष ने भारतीयों का दिल दुखाया



भारत की संसद लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर है और हमारे देश के सम्मान और स्वाभिमान की प्रतीक भी है। संसद भवन कोई इमारत मात्र नहीं बल्कि करोड़ों देशवासियों की उम्मीदों और आकांक्षाओं की पूर्ति करने वाला पवित्र स्थल भी है। संसद से हर भारतीय गहरा भावनात्मक लगाव रखता है लेकिन जिस तरह से संसद के कुछ सदस्य ही संसद की मर्यादा और सम्मान को ठेस पहुँचा रहे हैं वह सचमुच आहत करने वाला है। देखा जाये तो विपक्ष के बड़े नेता विदेशी धरती पर जाकर तो भारतीय लोकतंत्र का मजाक उड़ाते ही हैं अब उन्होंने देश में भी संसदीय लोकतंत्र का उपहास उड़ाना शुरू कर दिया है।

हम आपको बता दें कि अमर्यादित आचरण के चलते सदन से निलंबित किये गये विपक्षी सांसदों ने मंगलवार को संसद को ''संविधान की कब्रगाह'' बताते हुए इसकी तुलना उत्तर कोरियाई सदन से कर हर भारतीय का दिल दुखाया है। शिरोमणि अकाली दल की नेता और सांसद हरसिमरत कौर बादल को संसद संविधान की कब्रगाह नजर आई तो दूसरी ओर तमाम तरह के आर्थिक अपराधों के आरोपों से घिरे कांग्रेस नेता और सांसद कार्ति चिदंबरम ने दावा कर दिया है कि संसद जल्द ही उत्तर कोरियाई सदन की तरह हो जाएगी। कार्ति चिदंबरम ने कहा है कि हम उत्तर कोरियाई सदन की तरह बनने वाले हैं और केवल एक चीज की कमी है कि जब प्रधानमंत्री सदन के अंदर आएं तो सब साथ मिलकर तालियां बजाएं। कार्ति चिदंबरम ने कहा कि यह एक सांकेतिक सदन बनने वाला है।


बात सिर्फ लोकतंत्र के अपमान की भी नहीं है। संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों की जिस तरह मिमिक्री कर उनका अपमान करने की होड़ चल पड़ी है और हमारे संवैधानिक संस्थानों पर राजनीतिक हमले किये जाने का जो सिलसिला चला है वह एक तरह से भारत की छवि पर हमला है। कभी प्रधानमंत्री के लिए तानाशाह, हिटलर, नीच या कोई अन्य अपमानजनक शब्द उपयोग किया जाता है तो कभी देश की राष्ट्रपति का अपमान कर दिया जाता है। अब उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का जिस तरह अपमान किया गया उसने सार्वजनिक जीवन में मर्यादा की सभी सीमाएं लांघ दी हैं।

यहां यह भी ध्यान रखने योग्य बात है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हों, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ हों या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हों...यह सभी साधारण और गरीब परिवार से ताल्लुक रखते हैं। इन सभी को राजनीति विरासत में नहीं मिली बल्कि यह जीवन में अभाव और संघर्षों पर विजय हासिल करते हुए यहां तक पहुँचे हैं लेकिन लगता है कि दिल्ली पर दशकों तक राज करने वाले राज परिवार के लोगों को यह सब भा नहीं रहा इसलिए सुनियोजित तरीके से शीर्ष पदों पर बैठे लोगों पर हमले किये और करवाये जा रहे हैं। विपक्ष ने ऐसा ही रवैया न्यायपालिका और संवैधानिक संस्थानों के प्रति भी अपनाया हुआ है।

**-नीरज कुमार दुबे-**

# नागपुर की वीना आडवाणी तन्वी को 26 वे अन्तर्राष्ट्रीय जुनूँ अवार्ड से किया जायेगा सम्मानित

**नागपुर,20 दिसम्बर 2023।** विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी विश्व मानव संघ 26 वें अन्तर्राष्ट्रीय जुनूँ अवार्ड 2023 का आयोजन जनपद लखनऊ






में मानव दिवस के अवसर पर 1 जनवरी 2024 दिन सोमवार को होने जा रहा है। मानव दिवस प्रत्येक वर्ष 1 जनवरी को विश्व मानव संघ द्वारा प्राणी एवं पर्यावरण की रक्षा के लिये मनाया जाता है। मानव दिवस के इस अवसर पर अन्तर्राष्ट्रीय जुनूँ अवार्ड 2023 से 18 विभूतियों को दिया जा रहा है इन अठारह सदस्यों का सम्मान नागरिक अभिनन्दन स्थित चारबाग होटल विश्वनाथ लखनऊ में किया जायेगा जिनके नाम समाज सेवा के लिये माननीय चेयरमैन फाउण्डेशन अमा (कोलम्बिया) को । समाज सेवा के लिये अध्यक्ष नेशनल डी एक्शन रूरेल बरकीना फासो (पश्चिम अफीका) को समाज सेवा के लिये माननीय चेयर मैन इन्टरनेशनल सोसाइटी फार ह्यूमन राइट्स कैबोवर्डे (कैपवर्डे) को। समाज सेवा के लिये माननीय चैयरमैन (कनाडा) को । समाज सेवा के ब्रेथ लिये माननीय अध्यक्ष ग्रीन वर्ल्ड (बाँग्ला देश) को। समाज सेवा के लिये माननीय अध्यक्ष ऐवा (ब्राजील) को। समाज सेवा के लिये माननीय अध्यक्ष काउन्सिल फार राइट्स एंड रिलीजियन्स फीडम (बेल्जियम) को 8 समाज सेवा के लिये माननीय अध्यक्ष प्रोग्रामा डी असिस्टेन्सिया एग्रोबायोएनार्जिटिकल कैम्पोसीनो (बोलीविया) को भारत वर्ष से 9योग से प्रयोग एवं आनलाईन समाज सेवा के लिये नागपुर की वीना आडवाणी तन्वी को । जनपद लखीमपुर की माननीय अर्चना श्रीवास्तव को, कला एवं अभिनय के लिये मुम्बई की श्रुति भट्टाचार्य को क्रिएटिव ग्रॉसरूट लेवल समाज सेवा के लिये लखनऊ को, हिन्दी साहित्य के लिये लखनऊ के उमेश प्रकाश को, हिन्दी भाषा के लिये एटा के राकेश सक्सेना ÷शम्स÷ को, हिन्दी कविता के लिये गोरखपुर की सरिता सिंह को । स्क्रिप्ट राइटिंग के लिये फतेहपुर के रवीन्द्र दूधानी को, एकेडमिक सोशल सर्विस के लिये डा0 रूचिता सुजय चौधरी जी को ह्यूमन, समाज सेवा के लिये माननीय मनोरमा श्रीवास्तव को एवं हिमाचल प्रदेश, नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश,

बच्चों करे स्टेट जुनूं अवार्ड 2023 से सम्मानित किया जायेगा इन छात्र- छात्राओं के अलावा सभी सम्मानित विभूतियों ने अपना सम्पूर्ण जीवन समाज सेवा, कला, चिकित्सा, पर्यटन एवं शैक्षिक विकास को साधना मान कर अपने आपको को समाज के लिए समर्पित कर दिया। अन्तर्राष्ट्रीय जुनूँ अवार्ड से प्रत्येक वर्ष समर्पित और कठिन परिश्रम से आगे आने वाले कलाकारों, शायरों, दार्शनिकों, लेखकों, पर्यटकों चिकित्सकों, समाज सेवियों, एवं साहसी कार्य करने वालों को विश्व मानव संघ सम्मानित करता है। मानव दिवस की शुरूआत विश्व मानव संघ के संस्थापक अध्यक्ष एवं अन्तर्राष्ट्रीय समाज सेवी लेखक पर्यटक व चित्रकार डा0 रश्मि भूषण ÷जुनूं÷ ने की थी। इस दिवस में विश्व प्रसिद्ध समाज सेवी, चित्रकार, पर्यटक एवं संस्थापक अध्यक्ष डा0 रश्मि भूषण जुनूं, एवं स्व0 प्रेम लता श्रीवास्तव द्वितीय अध्यक्ष विश्व मानव संघ एवं विश्व प्रसिद्ध इटैलियन चित्रकार, मूर्तिकार एवं माइकल एन्जेलो डी लोडोविको बुओनारोती को श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी। मानव दिवस प्राणी एवं पर्यावरण मात्र की सुरक्षा के लिए मनाया जाता है। लखनऊ में उक्त दिवस के इस अवसर पर प्रख्यात कवि अशोक कुमार श्रीवास्तव रंग द्वारा रचित पुस्तक, मन्थरा÷ का विमोचन समारोह के मुख्य अतिथि नरेश शंकर श्रीवास्तव द्वारा किया जायेगा। यह जानकारी विश्व मानव संघ की कोषाध्यक्ष प्रीति भूषण श्रीवास्तव से प्राप्त हुई।

## पर मैं इंसान हूं

किसी को हिन्दू होने पर,
मुस्लिम होने पर,ईसाई होने पर,
सिख होने पर,बौद्ध होने पर,
जैन,पारसी होने पर,
कुछ न कुछ होने पर गर्व है,
किसी को जाति पर,
किसी को संपत्ति पर,
किसी को नौकरी पर,
तो किसी को राजनीतिज्ञ होने पर,
हद से ज्यादा गर्व है,
मगर आज तक मैंने नहीं देखा
गर्व करते हुए
अपने इंसान होने पर,
क्या इंसानियत का कोई मोल नहीं,
सब एक सुर में बजाये
क्या ऐसा कोई ढोल नहीं,
हर तोड़ने वाली बातें या उन्माद
लोगों को खुशी महसूस कराता है,
क्या वे कह सकते हैं कि धरती
गोल नहीं,
दूसरों की खुशियों पर
हर्षित हुआ जाये ऐसा माहौल नहीं,
क्यों?क्यों?क्यों?
हम इतने स्वार्थी क्यों हो रहे हैं,
औरों की राहों में
कांटे क्यों बो रहे हैं,
मानाकि ऐसा कर
आपाधापी वाली जिंदगी में
आगे बढ़ सकते हैं,
मगर मत भूलिये
आपके बिछाये कांटें
आपके पैरों में भी गड़ सकते हैं,
विद्वान बनो, नादान बनो,
पर सबसे पहले इंसान बनो।



**राजेन्द्र लाहिरी**
पामगढ़
छत्तीसगढ़

## समय के फेर

करू-करू लोगन के बोली,
मोला अब्बड़ रोवाथे।
कच्चा लकड़ी कस गुँगवावत,
अंतस के पीरा सहिथँव,
बैरी होगे ये दुनिया हर,
घुट-घुट के मँय हा रहिथँव,
कोन जनी का करम करे हँव,
ये दुनिया बड़ तड़पाथे।।
गोसँइया हा रहिस संग मा,
रोज मिलय जेवन पानी,
छोड़ चले घर के मुखिया हर,
बिरथा लगथे जिनगानी,
ताना मारे लोगन मोला,
दुरिहा ले सब हड़काथे।।
मोर जीव हा कलपत रहिथे,
अब काकर जाँव दुवारी,
भीख मांग के हर दिन खाथँव,
हावँव मँय हा दुखियारी,
मोला आवत देख सबो झन,
फाटक झट ले ओधाथे।।
भाग फूट गे मोर देवता,
कइसे तैं नियम बनाये,
जिनगी के का खेल रचे हस,
मोर समझ कुछु ना आये,
अपन शरण मा ले जा मोला,
दुनिया हा बड़ भरमाथे।



**प्रिया देवांगन प्रियू**
राजिम गरियाबंद
छत्तीसगढ़

## कभी खुशी कभी गम

बिंदास मुस्कुराओ
किस बात का है गम,
जिंदगी में टेंशन किसको है कम।
अच्छा हो या बुरा हो
ये तो है केवल भ्रम,
जिंदगी का नाम ही है
कभी खुशी कभी गम।
मनुष्य के जीवन में
परेशानियां कहा है कम,
यहां हर आदमी का आंख है नम।
इसलिए हर पल को
जी भर के जी लो,
जिंदगी का नाम ही है
कभी खुशी कभी गम।
कष्टों से भरा है यह जीवन हरदम,
दो पल मुस्कुरा दो
हो जाएगा थोड़ा कम।
हर परिस्थिति में खुश रहो
मत करो अहम,
जिंदगी का नाम ही है कभी खुशी
कभी गम।
यह जीवन है सुख दुख का संगम,
किसी के बारे में मत पालो वहम।
कभी हंस लो कभी मुस्कुरा लो,
जिंदगी का नाम ही है कभी खुशी
कभी गम।
आज गम है तो कल है खुशी,
आज खुशी है तो कल है गम,
बस यही है जीवन का क्रम।
जिंदगी का नाम ही है कभी खुशी
कभी गम।



**श्याम सुंदर साहू**
राजिम
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# कोरोना का नया वैरियंट को देखते हुए सीएमएचओ ने सतर्कता बतौर जारी किया अलर्ट




- संवाददाता -
अंबिकापुर, 20 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

कोरोना का नया वैरियंट जेएन-1 तेजी से फैलने लगा है। हालांकि इसके मरीज अभी छत्तीसगढ़ में नहीं मिले हैं, फिर भी केंद्र सरकार द्वारा सभी राज्यों को इसे लेकर अलर्ट किए जाने पर सीएमएचओ डॉ. आरएन गुप्ता ने सतर्कता बतौर जिले में डॉक्टरों को अलर्ट कर दिया है। साथ ही आरटीपीसीआर टेस्ट बढ़ाने कहा है। लोगों को इसे लेकर एक बार फिर जागरूक करने के लिए भी कहा गया है। डॉक्टरों के अनुसार इस वैरियंट से बचने भी कोराना गाइड लाइन का पालन करना होगा। लोगों को ज्यादा भीड़ में जाने से बचना होगा। मास्क का हर हाल में पालन करना होगा। हाथ की बार-बार सफाई के साथ सेनिटाइज का प्रयोग करना होगा। साथ ही आसपास सफाई रखनी होगी।

कोरोना का नया वैरियंट जेएन-1 एक बार फिर लोगों को डराने लगा है। दरअसल यह संक्रमण चीन से निकल कर भारत में केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, गोवा से होते हुए उत्तरप्रदेश तक पहुंच चुका है। कर्नाटक, केरल में तो इसके सैकड़ों संक्रमित मिल चुके हैं। इसके चलते कई मौत भी हो चुकी है। लिहाजा इसका प्रकोप बाकी राज्यों में न फैलने पाए, इसे लेकर केंद्र शासन ने सभी राज्यों को अलर्ट कर दिया है। इसे देखते हुए सीएमएचओ ने भी जिले के सभी डॉक्टरों को अलर्ट कर दिया है। जिले के सभी बीमएओ को निर्देशित किया गया है कि सर्दी-खांसी वाले मरीजों को एनटीजेन टेस्ट कराएं अगर पॉजिटिव आने पर आरटीपीसीआर टेस्ट के करानेक निर्देश दिए गए हैं। वहीं लोगों को इसे लेकर एक बार फिर जागरूक करने के लिए भी कहा गया है। कोरोना का नए वैरियंट तेजी से फैल रहा है। वहीं क्रिसमस व न्यू ईयर भी नजदीक है। इन दोनों अवसरों पर काफी संख्या के सामूहिक रूप से उत्सव मनाते हैं। कहीं ये उत्सव भारी न पड़े इसके लिए स्वास्थ्य भाग लोगों को सतर्क रहकर उत्सव मनाने की अपील की है। क्यों कि यह वैरियंट काफी तेजी से फैल रहा है।

### हर दिन 100-100 टेस्ट करने के निर्देश

सीएमएचओ डॉ. आरएन गुप्ता ने बताया कि कोरोना के नए वैरियेंट को देखते हुए टेस्ट की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में हर दिन 100-100 टेस्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। ताकि जितना ज्यादा टेस्ट होगए उतना ही कोरोना के मरीजों की संख्या के बारे में पता चल पाएगा और मरीज का इलाज संभव हो पाएगए। सीएमएचओ ने बताया कि कोरोना को लेकर पूर्व से ही व्यवस्था बनी हुई है। अगर कोरोना के नए वैरियेंट का केस सामने आता है तो इसके लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 20 बेड का आइसोलशन वार्ड तैयार है। सीएमएचओ ने कहा कि अभी छत्तीसगढ़ में एक भी कोरोना के नए वैरियेंट के मरीज नहीं मिले हैं। वहीं लोगों को सतर्क रहने की अपील स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई है।

# न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट,बनी शीतलहर की स्थिति



- संवाददाता -
अंबिकापुर, 20 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

सरगुजा संभाग में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। उत्तर से शुष्क हवाओं के आने का क्रम जारी है। मंगलवार को न्यूनतम तापमान 5.2 डिग्री पर पहुंच चुका है। वहीं अधिकतम तापमन 21.4 डिग्री दर्ज किया गया है। इस लिए सरगुजा में शीतलहर के हालात बने हुए हैं।

मौसम वैज्ञानिक एसके मंडल ने बताया कि दक्षिण भारत में सक्रय चक्रवाती परिसंचरण से आसमान में उच्च स्तरीय बादलों की उपस्थिति देखी जा रही है। आगामी 2-3 दिनों तक बने रहने की संभावना है। इसके प्रभाव से सुबह कोहरे रहने की संभावना है। वहीं उत्तरी दिशा से बर्फिली हवाओं के आने का क्रम जारी है। अगले 2-3 दिनों के बाद बादलों का प्रभाव कम होने पर न्यूनतम तापमान में 1-2 डिग्री का गिरावट संभव है। वहीं मंगलवार को अधिकतम 21.4 व न्यूनतम 5.2 डिग्री दर्ज किया गया है। अधिकतम तापमान सामान्य से 2 व न्यूनतम तापमान सामान्य से 4 डिग्री नीचे है। इस लिए अंबिकापुर सहित सरगुजा संभाग में कड़ाके की ठंड पड़ रही है।

### प्रदेश में सबसे अधिक ठंड रहा अंबिकापुर

दुर्ग और बिलासपुर संभाग में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के आसपास बना हुआ है। वहीं सरगुजा संभाग का अंबिकापुर मंगलवार को 5.3 डिग्री सेल्सियस के साथ प्रदेश में सबसे अधिक ठंडा रहा। मैनपॉट में तो पारा 3 डिग्री तक पहुंच गया। इधर, दुर्ग जिले के आउटर क्षेत्रों में भी घना कोहरा छाया हुआ है। शहरी क्षेत्रों में तो अभी राहत है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में कड़ाके की ठंड का आगाज हो गया है। ठंड बढने के साथ ही लोगों ने अलाव जलाने की शुरुआत कर दी है।

# 25 दिसम्बर को मनाया जाएगा सुशासन दिवस





- संवाददाता -
अंबिकापुर,20 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आज यहां राजधानी रायपुर स्थित से राज्य के सभी संभागों के सम्भागायुक्तों तथा जिला कलेक्टरों की बैठक ली। इस दौरान जिला कलेक्टरेट के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर कुंदन कुमार, जिला पंचायत सीईओ नूतन कुमार कंवर, अपर कलेक्टर टेकचंद अग्रवाल सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

यह बैठक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के परिपालन में राज्य के किसानों के बकाया धान बोनस की राशि के भुगतान की तैयारियों के संबंध में आयोजित हुई। मुख्य सचिव ने आगामी 25 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले सुशासन दिवस की तैयारियां और घोषणा पत्र के परिपालन में दो वर्ष के बकाया धान बोनस राशि वितरण के संबंध में आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया की जिला स्तर एवं सभी विकासखण्डों में विकासखण्डवार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, इस हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करने कहा।

बैठक में उन्होंने कहा कि सुशासन दिवस के अवसर पर नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की भी तैयारी कर ली जाए। इस दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लाभान्वितों के सम्बंध में भी जानकारी ली गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को विशेष अभियान चलाकर लाभान्वित करने के भी निर्देश दिया।

# बच्चों के बीच ड्रेस व स्वेटर का किया गया वितरण



- संवाददाता -
अंबिकापुर, 20 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

ठंड को देखते हुए प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन जिला इकाई की सदस्यों ने स्कूल के बच्चों को ठंड से बचने के लिए स्वेटर का सहयोग करने का प्लान बनाया। इस संस्था के कार्य को देखते हुए गांव के शिक्षक के द्वारा पहले से ही डिमांड उनके पास आ जाती है। एवं अति जरूरतमंद को देखते हुए पहले उन्हें उपलब्ध कराया जाता है इस वर्ष अंबिकापुर शहर से दूर 30 किलोमीटर दूर लखनपुर के पास कुंवरपुर ग्राम है जहां की स्कूल पहाड़ के नीचे है। प्राथमिक शाला के 75 बच्चों को स्कूल ड्रेस की नई स्वेटर का वितरण किया गया साथ ही साथ माध्यमिक शाला के बच्चों के साथ उपस्थित 125 बच्चों को बिस्कुट फल तथा स्टेशनरी सामान का सहयोग वितरण किया गया बच्चों से संस्था की महिलाएं उनसे बात की एवं शिक्षा के लिए प्रेमलता गोयल ने कहा कि आपको पढ़ लिखकर अच्छे आदमी बनना है एवं आपको मेहनत करनी है मेहनत करके लग्न के साथ पढ़ाई करके आप आगे बढ़ो तथा पूछा गया आप पढ़ कर क्या बनना चाहते हैं बच्चों ने किसान ,डॉक्टर एवं कलेक्टर बनने की इच्छा जाहिर की क्योंकि माता-पिता का नाम रोशन करेंगे एवम गांव में ही डॉक्टर बनकर हम इलाज करेंगे हमारे इस कार्यक्रम में स्वर्गीय ईश्वर प्रसाद गर्ग के परिवार का महत्वपूर्ण योगदान रहा । उनकी याद में स्वेटर का सहयोग किया अछ्मा गर्ग ,ममता गर्ग ,पियूष गर्ग ,कविता अग्रवाल अलकागर्ग तरुणा गर्ग दीप्ति मैम,साथ ही समस्त शिक्षकों का भरपूर सहयोग रहा संस्था द्वारा उन्हें रामचरितमानस उपलब्ध कराया जाएगा एवं शिक्षकों द्वारा हफ्ते में एक दिन बच्चों को राम भगवान के बारे में जानकारी दी जाएगी।

# सालों से महिला को गुमराह कर 35 की जगह 10 किलो दे रहा था चावल






- संवाददाता -
अंबिकापुर, 20 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

पिछले 4 सालों से राशन दुकान संचालक गुमराह कर एक महिला को प्रतिमाह 10 किलो चावल दे रहा था। लेकिन महिला के राशनकार्ड में 35 किलो चावल दिया जाना था। जानकारी खाद्य विभाग तक पहुंची। पर कई दिन गुजर गए अब तक कोई कार्रवाई नही हुई हैं। दरसअल अंबिकापुर शहर के नवागढ़ में डोली चौधरी किराए के मकान में रह कर अपना जीवनयापन करती है। वही गरीब होने की वजह से जिला प्रशासन द्वारा अंत्योदय राशनकार्ड बनाया गया। जिसके बाद से महिला को राशन दुकान संचालक द्वारा प्रतिमाह 10 किलो चावल दिया जाने लगा। इधर जब महिला ने किराए के मकान को खाली कर शहर के दूसरे स्थान पर चली गई। जब राशन लेने की पारी आई तो महिला दूसरे राशन दुकान जाकर 10 किलो चावल के हिसाब से झोला लेकर पहुंच गई। जब राशन दुकान संचालक ने बोला कि आपका चावल इस झोले में तो नहीं आएगा क्योकि आपको 35 किलो चावल देना है। इस बात को सुनकर महिला हैरान रह गई। पिछले 4 सालों से 10 किलो चावल राशन दुकान से लिया करती थी। इसकी जानकारी लगते ही खाद्य विभाग से राशन दुकान के खिलाफ शिकायत की गई। लेकिन कई दिन गुजर गए महिला को इंसाफ आज तक नहीं मिल सका है. कई दफ्तरो के चक्कर लगाने को मजबूर है। अब देखना होगा कि खाद्य विभाग महिला को पिछले 4 सालो का राशन दिला पता है या नहीं यह तो आने वाला वक्त बताएगा।

# 40 ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविरों में 20 हजार से ज्यादा लोग हुए शामिल

### शिविरों में 5581 लोगों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण






- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 20 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से शुरू की गई 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का सफर जारी है। जिले में 16 दिसंबर को अम्बिकापुर विकासखंड के ग्राम पंचायत मेंड्राकला से इसकी शुरूआत हुई है। शुरुआत से अब तक विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के अंबिकापुर, लुण्ड्रा, लखनपुर, बतौली और उदयपुर के कुल 40 ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया गया। जिले के ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविरों में 20 हजार से ज्यादा लोग शामिल हुए। कार्यक्रम स्थलों में विभिन्न विभागों द्वारा आम जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने स्टॉल भी लगाया गया और संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा आम जनता को योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा उसका लाभ उठाने प्रेरित किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इन शिविरों में 5581 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविरों में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लिए 145 लोगों का पंजीयन किया गया। शिविरों में सुरक्षा बीमा योजना के लिए 108 और जीवन ज्योति बीमा योजना के लिए 75 लोगों के आवेदन किया। विभिन्न योजनओ से लाभांवित हितग्राहियो ने मेरी कहानी मेरी जुबानी का अनुभव साझा किया। शिविर के माध्यम से 12 पंचायतों में शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड कवर किया गया है।

# पुलिस को देखते ही कार छोड़कर भागा आरोपी, कार से मिली भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब




- संवाददाता -
प्रतापपुर, 20 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

ग्राम डोमहत में सोमवार की रात वाड्रफनगर से अंबिकापुर कि ओर जा रही एक कार से चंदौरा पुलिस ने भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जब्त किया है। सूरजपुर पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला के निर्देश पर नशे के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा राही है। इसी क्रम में 18 दिसंबर कि रात को चंदौरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक कार में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब भरकर वाड्रफनगर से अंबिकापुर की ओर ले जाई जा रही है। सूचना पर चंदौरा पुलिस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल व एसडीओपी प्रतापपुर अरूण नेताम के मार्गदर्शन में ग्राम डोमहत में घेराबंदी कर कार का इंतजार करने लगी। इसी दौरान जैसे ही कार डोमहत में पहुंची कार का चालक पुलिस टीम को देखकर अंधेरे का फायदा उठाते हुए कार छोडक़र भाग निकला। स्वीफ्ट डिजायर कार की जांच करने पर पुलिस को उसमें रखी भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद हुई। इस मामले में पुलिस ने धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है तथा कार छोडक़र फरार हुए आरोपित चालक कि पतासाजी की जा रही है।

पुलिस को जब्त कार क्रमांक जेएच 1 ईजे 8750 से 1 लाख से ऊपर कीमत की 15 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई है। जिसमें मेगडावल नंबर वन 4 पेटी, व गोवा विस्की 11 पेटी शामिल है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी नीलिमा तिर्की, एएसआई राम सिंह, प्रधान आरक्षक प्रमोद लकड़ा, आरक्षक मिथलेश गुप्ता, शेखर मानिकपुरी, चंद्रकांत बिजनेर, प्रवीण मिश्रा, रविन्द्र जायसवाल, सूरज पाटिल व अनिरूद्ध पैकरा सक्रिय रहे।

# तेज रफ्तार का कहर : सड़क दुर्घटना में बुझ गया घर का इकलौता चिराग



### एक की हालत गंभीर व एक सामान्य

- संवाददाता -
सीतापुर,20 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

देर रात हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन नाबालिग बुरी तरह घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल दो युवकों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जिसमें से एक युवक की मेडिकल कॉलेज पहुँचते ही मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल दूसरे युवक की हालत नाजुक देख उसे आईसीयू में भर्ती कर उसका उपचार किया जा रहा है। जहाँ वो जिंदगी और मौत से संघर्ष कर रहा है। इस घटना में नशा एवं तेज रफ्तार के कारण एक घर का इकलौता चिराग हमेशा के लिए बुझ गया। इस हादसे में इकलौते बेटे को खोनेवाले माँ बाप का रो रोकर बुरा हाल है।

विदित हो कि मंलवार देर रात 11 बजे तीन नाबालिग युवक केटीएम बाइक क्र-सीजी 15 डीवाई 5048 से नगर भ्रमण पर निकले थे। नशे में धुत होने के कारण बाइक चालक काफी तेज रफ्तार से बाइक चला रहा था।जैसे ही उनकी बाइक तहसील कार्यालय के पास पहुँची। तेज रफ्तार बाइक से चालक का नियंत्रण हट गया और बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमे सवार सुशांत मिंज आ गुड्डू मिंज 17 वर्ष निवासी लंगड़ासाँड, आनंद पैंकरा आ लक्ष्मण पैंकरा 17 वर्ष मुलाजिम पारा एवं सचिन लकड़ा आ हिर्मोन लकड़ा उम्र 17 वर्ष उरांवपारा गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें 112 के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहाँ सुशांत मिंज एवं आनंद पैंकरा की हालत नाजुक देख प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें एम्बुलेंस 108 के सहयोग से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घायलों को लेकर एम्बुलेंस जैसे ही मेडिकल कॉलेज पहुँची गंभीर रूप से घायल सुशांत ने उपचार से पहले ही दम तोड़ दिया। वही गंभीर रूप से घायल दूसरे युवक की हालत नाजुक देख उसे आईसीयू में भर्ती किया गया है। जहाँ चिकित्सकों की देखरेख में उसका उपचार जारी है। जबकि इस सड़क दुर्घटना में तीसरे युवक सचिन को मामूली चोट लगी थी।जिसे प्राथमिक उपचार के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से ही छुट्टी दे दी गई थी। नशा एवं तेज रफ्तार के कारण हुई इस घटना में माँ-बाप का इकलौता चिराग हमेशा के लिए बुझ गया। इस हादसे में बेटे की मौत से माँ बाप का रो रोकर बुरा हाल है।

# फर्जी पोर्टल पर फर्जी तरीके से जन्म-मृत्यु पंजीयन की मिली जानकारी

» भारत सरकार के अधिकृत पोर्टल पर crsorgi.gov.in पर ही कराएं पंजीयन

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 20 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

जिला रजिस्ट्रार जन्म एवं मृत्यु तथा जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी ने बताया कि रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया के पत्र द्वारा संज्ञान में लाया गया है कि वर्तमान में जन्म-मृत्यु ऑनलाईन पंजीयन हेतु अधिकृत वेब पोर्टल crsorgi.gov.in से मिलते-जुलते कई फर्जी पोर्टल से फर्जी तरीके से जन्म-मृत्यु का पंजीयन कर प्रमाण पत्र जारी किया जा रहा है।

उन्होंने आयुक्त एवं रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) नगरपालिक निगम, संयुक्त संचालक एवं रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) शासकीय मेडिकल कॉलेज, समस्त अतिरिक्त जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं सीईओ जनपद, समस्त रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं सीएमओ तथा रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं बीएमओ को पत्र जारी कर किसी भी फर्जी पोर्टल के माध्यम से किसी के द्वारा भी जन्म-मृत्यु के पंजीयन कर प्रमाण पत्र जारी किये जाने की जानकारी प्राप्त होते ही जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) को अवगत कराये जाने तथा आम नागरिकों को उक्त पोर्टल के माध्यम से पंजीयन नहीं करने हेतु जागरूक करने की कार्यवाही करने कहा है।

# निर्माण कार्य के लिए भारत से मजदूरों को ले जाएगा इस्राइल,अगले हफ्ते से शुरू होगी चयन प्रक्रिया



**यरूशलम,20 दिसम्बर 2023।** इस्राइल के चयनकर्ताओं की एक टीम पिछले हफ्ते भारत दौरे पर आई थी और अब अगले हफ्ते एक अन्य वरिष्ठ प्रतिनिधिमंडल भारत के लिए रवाना होंगे। ये भारत में हजारों की संख्या में मजदूरों की भर्ती करेंगे जिससे कि इस्राइल में निर्माण उद्योग की भारी कमी की पूर्ति की जा सके। इस्राइल बिल्डर्स एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को इसकी जानकारी दी है।

इस्राइल बिल्डर्स एसोसिएशन के डिप्टी डायरेक्टर जनरल और प्रवक्ता शे पुजनर ने कहा, %हम दिल्ली और चेन्नई में अगले हफ्ते 27 दिसंबर को प्रक्रिया शुरू करेंगे। फिलहाल हम सरकार की मंजूरी से 10,000 लोगों को ले जाएंगे और भविष्य में इसकी संख्या बढ़कर 30,000 तक होगी। इस प्रकिया में महीनों समय लग सकता है।

अगले हफ्ते से शुरू होगी चयन प्रक्रिया

पुजनर ने बताया कि चयन की प्रक्रिया अगले हफ्ते से शुरू होगी, जो 10-15 दिनों तक चलेगी। इजैक गुरविट्ज के नेतृत्व वाली प्रतिनिधिमंडल मजदूरों के मुद्दों और चयन टीम को देख रही है। वह पिछले हफ्ते भारत में ही थे और अगले हफ्ते भी अन्य सदस्यों और सीईओ इगल स्लोविक के साथ फिर से भारत आएंगे। निर्माण और आवास मंत्रालय के महानिदेशक येहुदा मोर्गेंस्टर्न भी इस दल में शामिल होंगे।

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ टेलीफोन पर बात करते हुए इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भारत से इस्राइल में श्रमिकों को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया पर चर्चा की। पिछले महीने पुजनर ने मीडिया को बताया, %हमें ज्यादा से ज्यादा श्रमिकों की जरूरत है। यह सरकार ही तय करेगी कि लापता मजदूर कहां से आएंगे। इस्राइल को निर्माण कार्य के लिए अधिक से अधिक मजदूरों की जरूरत है।

### करीबन 18,000 भारतीय इस्राइल में करते हैं काम

करीबन 80,000 मजदूरों का समूह फलस्तीनी प्राधीकरण नियंत्रित वेस्ट बैंक से और 17,000 मजदूर गाजा पट्टी से आते हैं। वहीं चीन से करीब 7,000 मजदूर और पूर्वी यूरोप से 6,000 मजदूर आते हैं। इस्राइल के अर्थव्यवस्था मंत्री नीर बरकत ने अप्रैल में अपने भारत दौरे पर भारतीय मजदूरों को काम पर रखने की बात की थी।

करीबन 18,000 भारतीय इस्राइल में काम करते हैं। युद्ध के दौरान उनमें से कई भारतीयों ने इस्राइल में ही रुकने का फैसला किया था। मई में इस्राइल ने भारत के साथ एक समझौता किया था, जिसमें 42,000 भारतीयों को इस्राइल में काम करने की अनुमति दी गई थी।

# मलयेशिया सरकार ने इस्राइली जहाजों पर लगाया प्रतिबंध,गाजा में कार्रवाई को लेकर किया फैसला



**कुआलालंपुर, 20 दिसम्बर 2023।** मलयेशियाई सरकार ने इस्राइल के स्वामित्व वाले और झंडे वाले जहाजों के साथ-साथ इस्राइल जाने वाले जहाजों पर भी अपने बंदरगाहों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। यह निर्णय इस्राइल-हमास युद्ध में इस्राइल की कार्रवाई पर लिया गया है।

मलयेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने घोषणा की, जिसमें फलस्तीनी लोगों के खिलाफ जारी क्रूरता का हवाला देते हुए कहा गया कि यह प्रतिबंध इस्राइल द्वारा मानवीय सिद्धांतों की अवहेलना और अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन करने के बाद लगाया गया है। मुस्लिम बहुल देश मलयेशिया का फलस्तीनी लोगों की वकालत करने का इतिहास रहा है। यह इस्राइल को मान्यता नहीं देता है।

गाजा पर इस्राइल की कार्रवाई के बाद लिया गया फैसला

अक्तूबर में हमास आतंकियों द्वारा इस्राइल में हमले के बाद इस्राइली सैनिक लगातार गाजा में हमले कर रहे हैं। हाल ही में इस्राइली सैनिकों द्वारा गाजा में बमबारी करने के बाद मलयेशिया के पीएम पर दबाव बनाने के लिए वहां के लोगों ने रैलियां निकाली।

मलयेशिया के पासपोर्ट में स्पष्ट रूप से लिखा होता है, इस्राइल को छोड़कर सभी देशों के लिए मान्य। इस्राइली नागरिकों को अनुमति के बिना मलयेशिा में प्रवेश करने पर प्रतिबंध लगाया गया है। मलयेशिया सरकार की घोषणा में बताया गया कि इस्राइली पंजीकृत कंपनियों और जाहाजों को 2005 से मलयेशिया में अनुमति दी गई थी, लेकिन अब मौजूदा सरकार ने पिछले कैबिनेट सरकार के इस फैसले को पलटने और इस्राइली जहाजों को मलयेशियाई बंदरगाहों पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है।

# देश को 2047 तक विकसित बनाने की दिलाई शपथ









**- संवाददाता -**
**सूरजपुर, 20 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।**

कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल के निर्देशन में एवं बीईओ पंडित भारद्वाज, एबीईओ मनोज साहू के मार्गदर्शन में शा. माध्यमिक शाला पतरापाली में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में सर्वप्रथम सभी छात्रों एवं शिक्षकों ने भारत को 2047 तक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने का शपथ लिया। कार्यक्रम प्रभारी योगेश साहू ने बताया कि

### चित्रकला,भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे भारत में, एक परिवर्तनकारी अभियान चल रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा, आशा का एक जीवंत कारवां है। यह सभी भारतीयों के घरों तक सशक्तिकरण और उज्जवल भविष्य को सुनिश्चित करती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 15 नवंबर को झारखंड के खूंटी से विकसित भारत संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस यात्रा का उद्देश्य विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में नागरिकों के बीच जागरूकता पैदा करना और योजनाओं के शत प्रतिशत संतृप्ति के लिए ''जनभागीदारी'' की भावना में उनकी भागीदारी को सुनिश्चित करना है। यह भारत सरकार की अब तक की सबसे बड़ी आउटरीच पहल है। यह पहल 25 जनवरी, 2024 तक देश भर में 2.60 लाख ग्राम पंचायतों और 4000 से अधिक शहरी स्थानीय निकायों को कवर करेगी।

विद्यालय में भाषण, चित्रकला एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम बिंदेश्वरी, द्वितीय पूजा एवं तृतीय स्थान सविता सिंह रही। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम रूपा, द्वितीय देववती एवं तृतीय सविता सिंह, चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पूनम द्वितीय प्रति एवं तृतीय स्थान प्रियंका ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में प्रधान पाठक बीआर हितकर शिक्षक महेंद्र पटेल, अनीता सिंह, कृष्ण यादव, योगेश साहू, सविता साहू, रघुनाथ जयसवाल एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# कुपोषण मुक्त बच्चों व एनीमिया से मुक्त महिलाओं ने विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में काटा केक






» **बच्चे दिखे प्रसन्नचित मुद्रा में इसके साथ ही महिलाएं भी खुश नजर आईं**

**- संवाददाता -**
**सूरजपुर,20 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।**

विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर ग्राम पंचायत तिलसिंवा में कुपोषण से मुक्त हुए बच्चों एवं एनीमिया से मुक्त हुई महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास द्वारा बच्चों और महिलाओं से केक भी कटवाया गया। केक काटते हुए बच्चे बहुत ही प्रसन्नचित मुद्रा में दिखाई दिए इसके साथ ही एनीमिया से मुक्त हुई महिलाएं भी खुश नजर आई।

# अमर शहीद वीर नारायण सिंह सोनाखान के शहादत दिवस पर हुआ विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन

**- संवाददाता -**
**उदयपुर,20 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।**

ग्राम पंचायत सलबा के प्राथमिक शाला प्रांगण में छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद वीर नारायण सिंह सोनाखान जी के शहादत दिवस पर शैला नृत्य,सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

कार्यक्रम के अध्यक्षता जगेश्वर सिंह उर्रे तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता माननीय जयनाथ सिंह केराम एवं विशिष्ट अतिथि बालसाय कोर्राम रहे ।



166 वॉ शहादत दिवस के अवसर जल जंगल जमीन और संगठनात्मक ढांचा को मजबूती प्रदान करने के लिए मुट्ठी बांध के शहीद वीर नारायण सिंह सोनाखान एवं दादा हीरा सिंह मरकाम तथा प्रकृति शक्ति बुढ़ादेव को साक्षी मानकर संकल्प लिया।

इस अवसर पर पारम्परिक वेशभूषा के साथ सामुहिक नृत्य ग्राम तोलगा एवं ग्राम डोंई के नर्तक दलों ने प्रस्तुति दी ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से नवल सिंह वरकड़े विजय सिंह कोर्राम गनेश्वर सिंह टेकाम,रामजीत आरमोर,श्रवण सिंह, वरकड़े मनोहर सिंह उईके, सुखनंदन सिंह पोर्ते,ठाकुर मरकाम,तेजूराम पोर्ते,प्यारे लाल सिंदराम,आलेख शाह मराबी,सुमनबाई टेकाम सुन्दरी टेकाम,विनोद पोर्ते,आदेश कुसरो,कपील सिंह आरमोर,जीवबंधनसोनवानी,शिवशंकर यादव,सुरेश सिंह सरूता,मोहर साय कोर्राम महेश उर्रे,देवलोचन उईके,बोधराम मराबी एवं सैकड़ों की संख्या में आदिवासी समाज के लोग सहित अन्य जन उपस्थित रहे।

# कैसा शिक्षक! हर दिन शराब पीकर गिरते-पड़ते आता है स्कूल,अभिभावक परेशान

» **छात्रों के अभिभावकों व गांव वालों ने अधिकारियों से की शिकायत**

» **बीईओ की समझाइश के बाद भी शिक्षक के रवैय्ये में सुधार नहीं**

» **लोगों ने की शिक्षक की तबादले की मांग**

**- उपेश सिन्हा -**
**कुसमी, 20 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।**

शिक्षा के मंदिर को कुछ शिक्षक ही शर्मसार करने में लगे हुए हैं। आए दिन शराब पीकर कुछ शिक्षकों के स्कूल में आने का सिलसिला जारी है। अभिभावकों व अधिकारियों की समझाइश का भी उनपर असर नहीं पड़ रहा है। ऐसा ही एक मामला बलरामपुर जिले के कुसमी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत नटवरनगर के प्राइमरी स्कूल निचतपुर से सामने आया है। यहां का शिक्षक हर दिन शराब पीकर स्कूल आता है तथा कहीं भी गिरकर पड़ा रहता है। समझाइश के बाद भी वह शराब नहीं छोड़ रहा, स्कूल में हर दिन शराब पीकर ही आ रहा है। इससे तंग ग्रामीणों ने शिक्षक के तबादले की मांग की है।





ग्राम पंचायत नटवर नगर के प्राथमिक विद्यालय निचतपुर में गांव के 39 बच्चे अध्यनरत हैं। स्कूल में दो शिक्षक सबाना परवीन व सुनील एक्का पदस्थ हैं। शिक्षक सुनील एक्का के स्कूल में हमेशा शराब पीकर आने की शिकायत मिली थी। इस पर सरपंच सहित ग्रामीणों ने शिक्षक को शराब पीकर स्कूल नहीं आने हेतु समझाया था।

लेकिन शिक्षक के रवैये में कोई सुधार नहीं होने पर लिखित शिकायत बीईओ रामपथ यादव से कर कार्यवाही की मांग की थी। इस पर बीईओ रामपथ यादव 1 दिसंबर को टीम के साथ प्राथमिक विद्यालय निचतपुर पहुंचे तो जांच के दौरान भी शिक्षक स्कूल में शराब के नशे में पाए गए। बीईओ द्वारा स्कूल के निरीक्षण पंजी में भी शिक्षक के शराब पीकर स्कूल पहुंचने का जिक्र किया गया। साथ ही शिक्षक को शराब पीकर स्कूल नहीं आने की समझाइश दी थी।

### हर दिन शराब पीकर आ रहा शिक्षक

बीईओ व ग्रामीणों की समझाइश के बाद भी शिक्षक के रवैये में कोई सुधार नहीं हुआ है। वह अब भी हर दिन शराब पीकर स्कूल पहुंच रहा है। अब ग्रामीणों ने शराबी शिक्षक के खिलाफ दोबारा शिकायत कर तबादले की मांग की है।

### मतगणना कार्य के कारण कार्रवाई में हुई देरी

इस संबंध में कुसमी बीईओ रामपथ यादव ने कहा कि बीच में मतगणना सहित अन्य शासकीय कार्य में व्यस्तता के कारण कार्यवाही में विलंब हो गया। अब शिक्षक के खिलाफ त्वरित कार्यवाही की जाएगी।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा स्कूली बच्चों को दिया मार्गदर्शन

**- संवाददाता -**
**सूरजपुर, 20 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।**

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय रामानुजनगर में आयोजित व्यक्तित्व विकास सत्र में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए सूरजपुर के पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण एलिसेला विद्यालय में पहुंचें। विद्यालय के प्राचार्य पी.सी. सोनी एवं उप प्राचार्य नरेश गुप्ता द्वारा उनका पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। पुलिस अधीक्षक ने कक्षा 9 वीं से कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए व्याख्यान देकर उनका मार्गदर्शन



किया। उन्होंने बच्चों को जीवन में सफलता कैसे प्राप्त करें इस पर अपने विचार व्यक्त कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। बच्चों से बात करते हुए उन्होंने बताया कि स्कूली जीवन में ही अपना लक्ष्य निर्धारण करने की दिशा में बच्चों को सोचना प्रारम्भ कर देना चाहिए। लक्ष्य निर्धारण में अपने रुचि का ख्याल रखना चाहिए। जीवन में सफलता प्राप्त करने हेतु सबसे महत्वपूर्ण है- लक्ष्य प्राप्ति हेतु योजनाबद्ध तरीके से कठोर परिश्रम करना। इसके बिना सफलता नहीं मिलती। आपके में लक्ष्य प्राप्ति हेतु समर्पण का भाव होना चाहिए। जीवन में सफलता प्राप्त करने हेतु जुनून होना चाहिए। कभी कभी शुरुआती प्रयास में आपको सफलता नहीं मिलती। अतः धैर्य बनाए रखें और समर्पित भाव से अपने लक्ष्य को पाने के लिए निरंतर कठोर मेहनत करते रहे। आपको सफलता जरूर मिलेगी। बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आप अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दृढ़ संकल्पित रहें। उन्होंने स्कूली बच्चों को संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) बनने के अपने कार्य यात्रा को विस्तार से बताया। सभी बच्चों को नियमित रुप से अखबार पढ़ने की नसीहत दी गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा बच्चों से प्रश्न पुछकर उनके जिज्ञासा का समाधान किया। कार्यक्रम के समापन में विद्यालय के प्राचार्य श्री पी सी सोनी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर आगमन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# क्या सरकार बदलते उन पुलिसकर्मियों पर होगी कार्यवाही जिन पर 2016 से मामला पंजीबद्ध है?

» न्यायालय आदेश के बाद तकालीन थाना प्रभारी व प्रधान आरक्षक के विरुद्ध मामल हुआ था पंजीबद्ध

» मामला पंजीकृत होने के बाद बिना जमानत व विभागीय जांच के पुलिसकर्मी आज भी कैसे डटे है नौकरी में?

» जहां एफआईआर दर्ज होते ही नौकरी से पृथक होना था पर प्रभाव में आज भी काट रहे नौकरी का मजा

» आमजनों पर मामला पंजीबद्ध करना पुलिस के लिए आसान पर पुलिस पर मामला पंजीबद्ध करें कौन?

» 8 साल बाद भी आरोपी पुलिसकर्मियों का चालान पेश न होना कहीं ना कहीं कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है?

» मौजूदा सरकार से उम्मीद जगी है कि ऐसे पुलिसकर्मियों पर कार्यवाही हो
















- रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर,20 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

8 साल पहले कोरिया जिले के कुछ पुलिसकर्मियों के ऊपर जबरन बिना किसी आदेश के अतिक्रमण हटाने को लेकर शिकायत हुई थी पर शिकायत पर कार्यवाही नहीं की गई थी, जिसके बाद प्रार्थी ने उच्च न्यायालय से गुहार लगाई थी जिसके बाद उच्च न्यायालय ने पुलिसकर्मियों के विरुद्ध अपराध पंजीकृत करने का आदेश जारी किया था, जिसके बाद पुलिस ने उच्च न्यायालय के आदेश के दबाव में एफआईआर तो दर्ज किया पर पुलिसकर्मियों का नाम नहीं लिखा, जबकि आदेश में नामजद एफआईआर दर्ज करना था पर ऐसा हुआ नही। अब जब सरकार बदल गई है तब यह उम्मीद लगाई जा रही है कि ऐसे पुलिसकर्मियों पर कार्यवाही होगी और उनके ऊपर विभागीय जांच सहित इन्हें पद से पृथक किया जाएगा।

ज्ञात हो कि किसी भी अधिकारी के लिए उनके सारे कर्मचारी एक समान होते हैं पर किसी एक कर्मचारी को विशेष महत्व देना कहीं ना कहीं संदेह उत्पन्न करता है कुछ ऐसा ही मामला कोरिया जिले के पुलिस विभाग का है जहां पर एक प्रधान आरक्षक पर अधिकारियों का आशीर्वाद बरसता रहता है अब इसकी वजह चाहे जो भी हो, कोरिया के एक प्रधान आरक्षक हमेशा विवादों में घिरे रहते हैं इनके खिलाफ शिकायतों का अंबार है पर जो भी अधिकारी आता है वह इस प्रधान आरक्षक का मुरीद हो जाता है ना जाने ऐसा कौन सा गुण है इनमें की जो यह बोल दे वही अधिकारियों को अच्छा लगता है और सही भी चाहे तरीका गलत क्यों ना हो, जबकि इस प्रधान आरक्षक को कोई भी ईमानदार अधिकारी पसंद नहीं करता या फिर यह कहा जाए तो उसके विभाग के लोग भी इसे पसंद नहीं करते फिर भी अधिकारियों की चमचागिरी व पावलगी कर अधिकारियों के हितैसी बने रहना उसे खूब आता है।

### मामला पंजीकृत होने के बावजूद बिना जमानत व बिना विभागीय जांच के पुलिसकर्मी आज भी डटे है नौकरी में

पुलिस पत्रकार पर या अन्य निर्दोषों पर बिना जांच के मामला पंजीबद्ध तो कर लेती है पर जब खुद इनके ऊपर मामला पंजीबद्ध होने की बारी आती है तो घबरा जाते हैं फिर बचाव के लिए पूरे पैतरे अजमाने लगते है एक तो इनकी शिकायत हो भी जाए तो इन्ही के अधिकारी इन्हें बचाने लगते है जब की वह भी जानते है की उनका कर्मचारी गलत व दोषी है पुलिस के खिलाफ कितनी भी शिकायत हो जाए यही वजह है कि जांच तो उसी विभाग के अधिकारी को करना है जिस वजह से उन्हें हर बार बच निकलने में सहूलियत होती है, इनके ऊपर तो कार्यवाही तब होती है जब कोई इनके पीछे पड़ जाए उच्च स्तर पर या फिर न्यायालय की शरण ले तब जाकर उसे जीत हासिल हो पाती है पर जीत के आने के बाद ही फिर उसी विभाग के कार्यालय के चक्कर लगाकर अपने चप्पल घिसने पढ़ते हैं फिर भी राहत नहीं मिलती कुछ ऐसा ही मामला है कुछ सालों पहले का है जहां पर एक व्यक्ति के प्रभाव में पुलिस वाले एक महिला का घर तोड़ने व कब्जा दिलाने के लिए चले जाते हैं उस महिला की शिकायत पर अपराध पंजीबद्ध नहीं होता तब महिला को उच्च न्यायालय की शरण लेनी पड़ती है तब वहां पर उच्च न्यायालय मामले में संज्ञान लेते हुए अपराध पंजीबद्ध करने तो कहता है जिसके बाद 10 दिन के बाद उस मामले में अपराध पंजीबद्ध होता है पर उस पंजीबद्ध एफआईआर में पुलिसकर्मियों का नाम नहीं होता, वर्ष 2016 में एक महिला की शिकायत पर पुलिसकर्मियों ने मामला पंजीबद्ध नहीं किया तब उसने उच्च न्यायालय शरण लिया लिया था जिसमें उच्च न्यायालय ने 29 नवम्बर 2016 को अपराध पंजीबद्ध करने का आदेश दिया था, जिसमें नामजद अपराध पंजीबद्ध होना था पर पुलिस वाले ही जब अपराध पंजीबद्ध करते हैं तो अपने ही पुलिस वालों का नाम कैसे लिख सकते हैं बिना नाम के ही उन्होंने 9 दिसंबर 2016 को अपराध पंजीबद्ध किया, जिसमें उन्होंने पुलिसकर्मियों के नाम की जगह अज्ञात लिख दिया पर सवाल यह है कि हाईकोर्ट के आदेश में सभी के नाम दिए गए थे पर इसके बावजूद पुलिस ने नामजद अपराध दर्ज नहीं किया ना आज तक उन पुलिसकर्मियों की गिरफ्तारी हुई और ना ही वह पुलिसकर्मी ने जमानत लिया और ना ही विभागीय जांच ही सही से हो पाई, अब समझा जा सकता है कि पुलिसकर्मी यदि करें तो सब सही बाकी के ऊपर पुलिस टूट पड़ती है जबकि संविधान में साफ है कि पुलिसकर्मी भी यदि दोषी हैं तो उन पर भी अपराध पंजीबद्ध होना चाहिए पर अक्सर खाकी खाकी की मदद ही करता है और बचने का पूरा प्रयास करता है।

### आखिर प्रधान आरक्षक पर कब तक बरसती रहेगी कृपा?

जिले के सबसे चर्चित प्रधान आरक्षक जिनकी कई बार शिकायतें भी हो चुकी हैं। सत्ता किसी की भी हो अधिकारी कोई भी हो उक्त प्रधान आरक्षक को जहां भी अपनी पदस्थापना लेनी होती है वह लेकर रहता है। विभागीय अधिकारी भी उक्त प्रधान आरक्षक के सामने नतमस्तक हैं और उसके पीछे किसका हांथ है जो अधिकारी भी उसके सामने झुके हुए हैं बड़ा सवाल है। अब सवाल यह भी है की एक प्रधान आरक्षक पर कब तक कृपा बरसती रहेगी। बता दें की कोरिया जिले के जिस प्रधान आरक्षक की बात की जा रही है वह जुगाड लगाने में माहिर है और जिसकी भी सरकार हो वह अपना जुगाड लगा ही लेता है। अब देखना है की भाजपा की नई पारी में भी वह जुगाड लगा पाता है या भाजपा इस बार उक्त प्रधान आरक्षक को तवज्जो नहीं देती है।

### बैकुंठपुर थाने में अपराध दर्ज फिर भी पदोन्नति व थान पाने का देखते है सपना

जिले के जिस प्रधान आरक्षक की शिकायतों का अंबार है उसके विरुद्ध कार्यवाही क्यों नहीं हो पाती? उसके ऊपर बैकुंठपुर कोतवाली में ही अपराध भी दर्ज है। अपराध की जांच लगातार चल रही है क्योंकि पुलिस की जांच पुलिस कर रही है। मामले में प्रधान आरक्षक को बचाने में विभागीय अधिकारी भी उसकी मदद कर रहें हैं। बताया यह भी जा रहा है की खुद के ऊपर अपराध दर्ज होने के बावजूद उक्त प्रधान आरक्षक को अपनी पदोन्नति का इंतजार है जबकि अपराध दर्ज होने की स्थिति में पदोन्नति बाधित की जानी चाहिए। जहां अपराध दर्ज होने के बाद उन्हें पद से पृथक कर देना था वहां आज भी वह पद पर बने हुए हैं स्थिति यह है कि इनके एक ही जिले में रहने से पुलिस की कार्यप्रणाली भी कई मामलों में संदेह के घेरे में रहती है फिर भी उसके ऊपर मेहरबानी क्यों बरसती है यह बड़ा सवाल है अब जब सरकार बदली है सत्ता बदला है तो अब उम्मीद जगी है कि कार्यवाही भी होगी और जिले से इनका बाहर स्थानांतरण भी होगा।

### उच्च अधिकारियों तक शिकायत फिर भी आज तक कार्यवाही का इंतजार

प्रधान आरक्षक की कई बार शिकायत भी हो चुकी है। शिकायत के बावजूद कार्यवाही आज तक लंबित है। जिले में आने वाले हर अधिकारी को प्रधान आरक्षक अपनी गिरफ्त में ले लेता है और कार्यवाही से बच निकलता है। अब देखना यह है की जिले में कब कोई पुलिस अधिकारी उक्त प्रधान आरक्षक के संबंध में हुई शिकायत की जांच करता है और निष्पक्ष कार्यवाही करता है। वैसे अभी तक ऐसा कोई पुलिस अधिकारी सामने नहीं आया है और देखना है की अब कोई अधिकारी हिम्मत दिखाता है की नहीं।

### प्रधान आरक्षक को अपने ही विभाग के कर्मचारी नहीं करते पसंद

कोरिया जिले के जिस प्रधान आरक्षक की बात की जा रही है उसे जिले के ही पुलिसकर्मी पसन्द नहीं करते। इसके पीछे का कारण यह माना जाता है की वह अपने ही विभाग के कर्मचारियों की शिकायत करता है वह भी झूठी और फिर उसी आधार पर वह अधिकारियों का खास बन जाता है। जिले में कई अच्छे प्रधान आरक्षक और पुलिस कर्मी उसकी वजह से कई बार अधिकारियों की प्रताड़ना का शिकार हो चुके हैं। वैसे प्रधान आरक्षक केवल यही काम भी करते हैं उनका काम अन्य पुलिसकर्मियों पर निगरानी रखना और अधिकारियों तक उनकी चुगली पहुंचाना ही है जिसकी वजह से उन्हे अन्य पुलिसकर्मी पसन्द नहीं करते।

### प्रधान आरक्षक को संभाग से बाहर किया जाए इसकी मांग भी लगातार हो रही है...

कोरिया जिले के एक प्रधान आरक्षक को लेकर यह भी मांग होती रही है की उनका तबादला संभाग से बाहर की जाए तभी कई मामलों में उनकी संलिप्तता का खुलासा हो सकेगा। उनका तबादला होगा तभी कई मामले जो उनके विरुद्ध हैं उसकी जांच हो पाएगी। ऐसा कुछ पुलिसकर्मी ही चाहते हैं वहीं कुछ उससे पीड़ित लोग भी चाहते हैं।

### क्या प्रधान आरक्षक के रहने से अवैध कारोबारी को मिलता है संरक्षण?

प्रधान आरक्षक अवैध कारोबारियों को भी संरक्षण देते हैं जिसको लेकर एक ऑडियो भी वायरल हुआ था साथ ही थाने के सामने एक आरोपी के परिजनो से पैस भी लिया गया था जो थाना के सीसीटीवी में कैद हुआ था पर जांचा नहीं हुई, जिसमे तत्कालीन पुलिस अधीक्षक ने उन्हे कुछ नहीं किया था। अवैध कारोबारी प्रधान आरक्षक से काफी संपर्क में रहते हैं और यही उन्हे विभाग में उनकी पहुंच का माध्यम बनाते हैं जैसा बताया जाता है। कुल मिलाकर प्रधान आरक्षक पुलिस विभाग की छवि खराब कर रहे हैं और कोरिया पुलिस पर से जनता का विश्वास कम करने का कारण बन रहे हैं। जिस भी मामले में इनका नाम आता है वह मामला खुद ब खुद विवादित हो जाता है और मामले में निस्पक्षता समाप्त हो जाती है।

## नगर विकास समिति पटना के निवेदन पर सरपंच ग्राम पंचायत पटना ने बाजार पारा पटना में नाली निर्माण कराने की दी स्वीकृति



» बाजार पारा में सड़क पर बहता है घरों से निकलने वाला गंदा पानी,स्थानीय वार्ड पंच नहीं देते ध्यान,नगर विकास समिति ने सम्हाली पंचों की जिम्मेदारी

» वार्ड पंचों की होती है जिम्मेदारी, अपने वार्ड की समस्या से ग्राम पंचायत को अवगत करना ही होनी चाहिए उनकी प्राथमिकता

- रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर,20 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

ग्राम पंचायत पटना अंतर्गत गठित नगर विकास समिति ने बाजार पारा पटना में नाली निर्माण कराने के लिए ग्राम पंचायत पटना की सरपंच गायत्री सिंह को बाजार पारा में बुलाया और उसके बाद नगर विकास समिति ने बाजार पारा में नाली निर्माण की मांग रखी जिसके बाद सरपंच गायत्री सिंह ने नाली निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी जिसके बाद अब बाजार पारा पटना को सड़क पर बहते घरों से निकलने वाले गंदे पानी से निजात मिल सकेगी और सड़क पर पानी बहना रुक सकेगा।

बता दें की ग्राम पंचायत पटना में बाजार पारा के अंदर की सड़क पर घरों से निकलने वाला गंदा पानी लगातार बहता था जिससे रहवासियों सहित बाजार आने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। नाली के अभाव में यह पानी सड़को पर बहता था जिसके लिए नाली की जरूरत थी। कई बार नाली निर्माण की बात और मांग की गई लेकिन नाली निर्माण नहीं होने की वजह से परेशानी बनी रहती थी। अब बाजार पारा के लिए नाली निर्माण के लिए नगर विकास समिति सामने आई है और वह पंचायत से इसके लिए मांग करने सरपंच को वस्तुस्थिति से अवगत कराने बाजार पारा पटना में आमंत्रित किए। जिसके बाद सरपंच ने समस्या को सही जानकर नाली निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी है और अब उम्मीद जगी है की जल्द ही नाली निर्माण हो सकेगा और गंदे पानी से रहवासियों और बाजार आने वालों को निजात मिल सकेगी।

### वार्ड पंचों की जिम्मेदारी निभाने सामने आई नगर विकास समिति

किसी ग्राम पंचायत में किसी समस्या के निदान के लिए जो मोहल्लों या वार्ड की समस्या हो वार्ड पंचों का भी चुनाव वार्ड की जनता करती है। वार्ड पंचों का कर्तव्य होता है की वह अपने अपने वार्ड की समस्या समय समय पर पंचायत में बैठकों में सूचीबद्ध कराएं और उसके निदान का प्रयास करें। पटना ग्राम पंचायत में वार्ड पंचों ने अपनी जिम्मेदारी और कर्तव्य को सही तरीके से नहीं निभाया इसलिए अब नगर विकास समिति को सामने आना पड़ा और अब उसके प्रयासों के बाद बाजार पारा में नाली निर्माण का कार्य आरंभ होगा ऐसा आश्वासन सरपंच ग्राम पंचायत पटना ने दिया है।

### क्या निर्वाचित वार्ड पंचों का कहना नहीं मानती सरपंच इसलिए नगर विकास समिति को करना पड़ा हस्तक्षेप?

पटना की सरपंच क्या वार्ड पंचों की बात नहीं मानती इसलिए नगर विकास समिति को सामने आकर समस्याओं के निदान के लिए प्रयास करना पड़ रहा है यह भी सवाल उठ रहा है। वार्ड पंच या तो समस्या पंचायत की बैठकों में बता नहीं पा रहे हैं या फिर वह बता रहे हैं उसके बाद समस्या का समाधान नही हो रहा है इसलिए नगर विकास समिति को सामने आकर पंचायत को दबाव में लेना पड़ रहा है। वैसे बात जो भी हो जो काम निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों का है वह नगर विकास समिति कर रही है जो स्व गठित एक समूह है यह निर्वाचित पंचायत के हिसाब से सही संदेश इसलिए नहीं है क्योंकि इससे उनकी निष्क्रियता साबित होती है।

## ग्राम आमादरहा में दो किराना दुकानों से अवैध धान भण्डारण,1000 बोरी अवैध धान जब्त

» केदमा धान खरीदी केंद्र में अवैध धान खपाते पाए जाने जप्ती की हुई कार्रवाई

» धान खरीदी में प्रशासन की कड़ी निगरानी, अवैध धान भण्डारण एवं परिवहन पर कार्रवाई जारी



- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 20 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

धान खरीदी पर कलेक्टर कुंदन कुमार के निर्देशन में प्रशासनिक टीम द्वारा कड़ी निगरानी रखी जा रही हैं। धान खरीदी कार्य के सुचारू संचालन के लिए लगातार निरीक्षण कर अवैध धान भण्डारण एवं परिवहन पर आवश्यक कार्यवाही जारी है। इसी कड़ी में सूचना मिलते ही राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, मंडी विभाग तथा कृषि विभाग की संयुक्त टीम तहसील दरिमा के ग्राम आमादरहा पहुंची और जांच कर किराना दुकानों से कुल 1000 बोरी अवैध धान जब्त किया।

एसडीएम अम्बिकापुर फागेश सिन्हा ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिलते ही टीम के साथ दो किराना दुकानों की जांच की गई। जिसमें आमादरहा निवासी दुकानदार रामरूप के किराना दुकान में कुल 350 बोरी धान अवैध रूप से भण्डारित पाया गया, जांच के दौरान आवश्यक दस्तावेज के अभाव में प्रथम दृष्टया इसे अवैध मानते हुए पंचनामा तैयार कर जब्ती की कार्यवाही की गई। इसी प्रकार ग्राम आमादरहा के ही कवलसाय रजवार के दुकान सह गोदाम का भी औचक निरीक्षण किया गया, जहां गोदाम में 650 बोरी अवैध धान भण्डारित पाया गया। टीम द्वारा धान खरीदी बिक्री के लाइसेंस की मांग किए जाने पर दुकानदार द्वारा किसी भी प्रकार का दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया, इसके साथ ही मंडी से भी अनुज्ञा नहीं ली गई थी। जिसके पश्चात टीम द्वारा पंचनामा तैयार कर धान जब्त कर लिया गया। इसी तरह उदयपुर विकासखंड के धान खरीदी केंद्र केदमा में भी ग्राम कुमडेवा के करम सिंह द्वारा अवैध धान 30 क्िंटल खपाते हुए पकड़ा गया जिसकी खाद्य निरीक्षक और आरआई द्वारा जप्ती की कार्यवाही की गई।

## अवैध धान परिवहन पर की गई कार्यवाही

### 115 बोरी अवैध धान सहित वाहन जब्त



- संवाददाता -

बलरामपुर,20 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)। शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के लिए 01 नवम्बर 2023 से धान खरीदी की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। कलेक्टर रिमिजियुस एक्का ने सभी निगरानी दलों, नोडल तथा राजस्व अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये हैं कि धान के अवैध परिवहन एवं संग्रहण पर लगातार कार्यवाही हो तथा वास्तविक कृषकों से ही धान खरीदी की जाये। उपार्जन केन्द्रों में कृषकों के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं हो ताकि वे सुगमता से धान का विक्रय कर पाये। कलेक्टर श्री एक्का के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रामानुजगंज के मार्गदर्शन में तहसीलदार रामचन्द्रपुर के द्वारा दो पिकअप अवैध धान जब्त किया गया है। तहसीलदार ने बताया कि रात्री एक बजे झारखण्ड से आ रही दो पिकअप वाहन क्रमांक यूपी 64 बीटी 2361 एवं दूसरे वाहन में वाहन क्रमांक अंकित नहीं था के द्वारा अवैध रूप से धान का परिवहन किया जा रहा था। दोनों वाहनों की जांच के दौरान कुल 115 बोरी अवैध धान जब्त किया गया है।

# क्षेत्रीय विधायक ने क्षेत्र को रेल लाइन सुविधा देने अपने वादे अनुसार पहल की शुरू

» हितग्राहियों को जल्द मिले मुआवजा और रेल लाइन का विस्तार... इसके लिए मनेंद्रगढ़ विधायक हुए तैयार

» मनेन्द्रगढ़ विधायक अपनी घोषणाओं को पूरा करने में दिखा रहे तत्परता

» विधायक श्याम बिहारी जायसवाल अपने क्षेत्र के विकास के लिए कई घोषणाएं किए थे जिसमें से रेल लाइन विस्तार एक महत्वपूर्ण घोषणा थी...

- रवि सिंह -
चिरमिरी,20 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी चुने जाने के बाद मनेन्द्रगढ़ विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी एवम अब विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने अपने क्षेत्र के विकास के लिए कई घोषणाएं की थी कि जीतने के बाद उन्हें वह पूरा करेंगे, अब जब उन्हें जीत मिल गई है तो वह उन घोषणाओं को पूरा करने के लिए अब वह तत्परता दिखाने लगे हैं, शपथ लेने के तत्काल बाद उन्होंने अपनी महत्वपूर्ण घोषणाओं में से एक रेल लाइन के विस्तार की मांग उन्होंने अपने मुख्यमंत्री से की है। क्षेत्रीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने विधानसभा सत्र के दौरान चिरमिरी नागपुर हाल्ट रेलवे लाईन निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण एवं राज्यांश की राशि 120 करोड़ 50 लाख रुपए जारी करने मांगपत्र सौंपा है। मुख्यमंत्री ने परियोजना को बारीकी से समझा, जल्द प्रारंभ हो सकता है भूमि अधिग्रहण और आगामी बजट में जारी हो सकती है राज्यांश की राशि।

क्षेत्रीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने 3 दिवसीय विधानसभा सत्र में प्रथम दिवस शपथ के उपरांत दूसरे दिन प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की सबसे प्रमुख मांग 2018 में रेलवे बोर्ड एवं तत्कालीन भाजपा सरकार के बीच एमओयू के तहत स्वीकृत चिरमिरी नागपुर हाल्ट रेल लाईन निर्माण में आ रही दिक्कतों की संपूर्ण जानकारी मुख्यमंत्री श्री साय को प्रदान की। उन्होंने बताया की इस स्वीकृत रेल लाइन के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया राज्य सरकार द्वारा आज तक नही हुआ है साथ ही राज्यांश की राशि 120 करोड़ 50 लाख रुपए का बजट भी प्रदान नही होने से इस महत्वपूर्ण परियोजना को पूर्ण होने में काफी विलंब हो चुका है। जिस हेतु उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा है की भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ करवाए और आगामी बजट में राज्यांश की राशि जारी करने का आग्रह किया है। श्री जायसवाल ने मुख्यमंत्री को बताया की चिरमिरी मनेंद्रगढ़ खड़गवां के लाखो लोगो को इस परियोजना के पूर्ण होने से अंबिकापुर से चलने वाली सभी पैसेंजर एक्सप्रेस गाड़ियों का लाभ मिल सकेगा। इसके साथ ही नागपुर पैसेंजर हाल्ट स्टेशन को भी पूर्ण स्टेशन का दर्जा भी प्राप्त हो जायेगा और वहां यात्री सुविधाओं में विस्तार हो सकेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने ओएसडी पी दयानंद को बोलकर इस महत्वपूर्ण रेल लाइन में अभी तक के प्रोग्रेस रिपोर्ट की सारी जानकारी मांगी है। विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है



चुनाव में मैने अपने घोषणा पत्र में प्रमुखता के साथ कहा था की रेल लाईन का भूमिपूजन हमने किया था और उसका निर्माण भी हम ही पूरा कराएंगे। इसी क्रम में सबसे पहला मांग पत्र मैंने आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को सौंपा। मुख्यमंत्री श्री साय ने काफी गंभीरता के साथ पूरे प्रोजेक्ट को समझा और इसमें उन्होंने अपनी रुचि भी दिखाई है और मुझे पूरी उम्मीद है की भू-अर्जन की प्रक्रिया प्रारंभ होगी और आगामी बजट में राज्यांश की राशि भी जारी हो जायेगी।

### श्याम बिहारी जायसवाल की सक्रियता से जल्द शुरू हो सकता है चिरमिरी नागपुर हॉल्ट रेल लाइन का कार्य

मनेंद्रगढ़ विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने चिरमिरी नागपुर हॉल्ट रेल लाइन के लिए जिस तरह की सक्रियता दिखाई है उसको देखते हुए लगता है की जल्द ही इस रेल लाइन के लिए राज्य सरकार की स्वीकृति मिल सकती है। श्याम बिहारी जायसवाल ने अपने शपथ ग्रहण के बाद सबसे पहली मांग मुख्यमंत्री से यही रखी भी है। विधायक जायसवाल इस बार काफी सक्रिय हैं अपनी घोषणाओं को लेकर और वह अपनी घोषणाओं को लेकर गंभीर हैं यह अभी से नजर आने लगा है।

### चिरमिरी से पलायन को रोकने में भी कारगर होगी रेल लाइन विस्तार की योजना

मनेंद्रगढ़ विधानसभा का इकलौता नगर निगम चिरमिरी पलायन का दंश झेल रहा है और यदि चिरमिरी से नागपुर हॉल्ट तक रेल लाइन विस्तार होता है तो चिरमिरी मुख्य रेल मार्ग से सीधे जुड़ जायेगा और जिससे चिरमिरी में व्यवसाय भी बढ़ेगा। इस तरह चिरमिरी का पलायन भी रुक जायेगा। कुल मिलाकर रेल लाइन विस्तार का फायदा चिरमिरी वासियों को काफी अधिक है जिससे नगर निगम वासियों को फायदा होना तय है।

### कई ट्रेनों की सुविधा सीधे मिल सकेगी चिरमिरी वासियों को

चिरमिरी से नागपुर हॉल्ट तक रेल लाइन विस्तार होने से चिरमिरी वासियों को कई सीधी ट्रेनों का लाभ मिल सकेगा। बता दें की अंबिकापुर दुर्ग सहित अंबिकापुर जबलपुर अंबिकापुर हजरत निजामुद्दीन ट्रेनों के लिए चिरमिरी वासियों को या तो बिजुरी रेलवे स्टेशन जाना पड़ता है या अनूपपुर या सड़क मार्ग से बैकुंठपुर रेलवे स्टेशन आना पड़ता है। चिरमिरी से नागपुर हॉल्ट तक रेल लाइन विस्तार के बाद चिरमिरी वासियों को सीधी ट्रेन सुविधाएं मिल सकेंगी यह तय है।

### मनेंद्रगढ़ विधायक की पहल से चिरमिरी वासियों के मन में जगी है आस

मनेंद्रगढ़ विधायक की पहल के बाद अब चिरमिरी वासियों के मन में आस जगी है की उन्हे सीधी रेल लाइन सुविधा का लाभ मिल सकेगा। विधायक की पहल की प्रसंशा भी हो रही है की वह चिरमिरी के लिए रेल लाइन विस्तार की बात सोच रहे हैं और उसे पूरा करने में लगे हुए हैं।

### कांग्रेस शासनकाल में राज्य सरकार ने नहीं दिया था राज्यांश,इसलिए नहीं हो पाया था रेल लाइन विस्तार का कार्य

प्रदेश में कांग्रेस शासनकाल के दौरान चिरमिरी नागपुर हॉल्ट के बीच रेल लाइन विस्तार के लिए राज्य सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण साथ ही राज्यांश का भुगतान किया जाना था जो उसने नहीं किया जिसकी वजह से रेल लाइन विस्तार का कार्य रुका हुआ था। अब भाजपा शासन कार्यकाल में यह कार्य पूरा हो सकेगा इसकी उम्मीद मनेंद्रगढ़ विधायक की पहल के बाद दिखने लगी है।

# पंजाब एंड सिंध बैंक में चोरों का धावा,रकम नहीं मिलने पर रखे सामानों को पहुंचाया क्षति

- संवाददाता -
कोरबा,20 दिसम्बर 2023
(घटती-घटना)।

जिले के कटघोरा-बिलासपुर फोरलेन के किनारे कांजीपानी में पंचायत भवन में चल रहे पंजाब एंड सिंध बैंक में चोरों ने बोला धावा । दो ताला व सेंटल लॉक तोड़कर चोर अंदर पहुंचे, जहां रकम नहीं मिलने पर पुराना कम्प्यूटर का मॉनिटर व दस्तावेज उठाकर ले गए।मामला पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत कांजीपानी गांव का है जहां फोरलेन किनारे पंचायत भवन स्थित है,जहां पंजाब एंड सिंध बैंक का संचालन हो रहा है। रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात चोरों ने वहां धावा बोला। जो बैंक के चैनल गेट का ताला तोड़ने के बाद अंदर लगे शटर का ताला व सेंटर लॉक तोड़कर अंदर पहुंचे। जहां नगदी रकम उनके हाथ नहीं लगने पर उन्होंने अंदर मौजूद पुराने कम्प्यूटर के मॉनिटर व कुछ दस्तावेज की चोरी कर ली। घटना के बाद पकड़ में आने से बचने के लिए उन्होंने सीसीटीवी कैमरे भी क्षतिग्रस्त कर दिए। सोमवार की सुबह जब ग्रामीणों ने बैंक का चैनल गेट खुला देखा तो शाखा प्रबंधक संतोष एक्का को सूचना दी। बैंक में चोरी होने की बात सुनकर शहर के एमपीनगर निवासी संतोष एक्का के होश उड़ गए। उन्होंने बैंक पहुंचकर निरीक्षण किया। नगदी रकम सुरक्षित होने पर उन्होंने राहत की सांस ली। उन्होंने पाली थाना पहुंचकर चोरी की रिपोर्ट लिखाई। पुलिस मामले में पतासाजी में जुट गई है।



# स्वच्छता,शिक्षा,ठंड से बचाव हेतु की गई व्यवस्था पर बच्चों से लिया जा रहा फीडबैक

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,20 दिसम्बर 2023
(घटती-घटना)।

बीते दिनों देर रात को कलेक्टर श्री कुंदन कुमार ने शहर में स्थित छात्रावासों का औचक निरीक्षण किया था जिसके बाद कलेक्टर ने सभी एसडीएम सहित जिला अधिकारियों को भी शाम में आश्रम छात्रावासों के निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे।

इस कड़ी में जिला अधिकारी आश्रम और छात्रावासों में बालक-बालिकाओं हेतु आवश्यक व्यवस्था सहित सुरक्षा मानकों के जांच निरीक्षण पर पहुंच रहे हैं। जिला प्रशासन की टीम द्वारा औचक निरीक्षण में आश्रम-छात्रावास में अधीक्षक-अधीक्षिका की उपस्थिति की जांच की गई। छात्रावासों में गार्ड की उपस्थिति की जांच के साथ निगरानी रखने तथा बाहरी व्यक्ति का प्रवेश वर्जित करने कहा गया, इसके साथ ही बालिका छात्रावासों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था किए जाने निर्देशित किया गया है।



निरीक्षण के दौरान ठंड से बचाव हेतु पर्याप्त व्यवस्था की जांच की गई तथा खिड़कियां एवं वेंटिलेशन ढके जा रहे हैं। इसके साथ ही भोजन की गुणवत्ता, शैक्षणिक स्तर, शौचालय की स्थिति, परिसर में पर्याप्त रोशनी, शयनकक्ष की व्यवस्था, स्वच्छता सहित अन्य व्यवस्थाओं की जांच कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

# जिला पुलिस कप्तान ने थानों का निरीक्षण के साथ साथ दरबार लगाकर पेंडिंग शिकायतों का किया त्वरित निराकरण

- संवाददाता -
कोरबा,20 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

जिले के पुलिस कप्तान वर्ष के अंतिम दिनों में लगातार जिले के सभी थानों, चौकियों का दौरा करते हुए निरीक्षण के साथ साथ दरबार लगा कर पेंडिंग शिकायतों का निराकरण कर रहे है । इससे पूर्व उन्होंने कुछ सप्ताह पहले सभी थानों चौकियों के प्रभारियों के साथ पुलिस मुख्यालय में बैठक कर निर्देश दिए



थे की सभी थानों चौकियों में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखते हुए जितने भी पेंडिंग मामले एवं शिकायते है,उसे त्वरित पूरा किया जाए । इसी तारतम्य में जिले के पुलिस कप्तान जितेंद्र शुक्ला ने कोरबा कोतवाली का सघन निरीक्षण किया , साथ ही अनोखा पहल अपनाते हुए, उन्होंने स्वयं ही दरबार लगाकर आए शिकायतों एवं पेंडिंग मामले का बारीकी से जांच करते हुए जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश देने के साथ ही,आए हुए शिकायतों का प्रत्यक्ष तौर पर फरियादियों से मिलकर त्वरित निराकरण किए । जिससे आए हुए फरियादियों ने उनके इस पहल से काफी खुश दिखे ।

# छत्तीसगढ़ सक्रिय पत्रकार संघ जिला इकाई ने वर्ष 2024-25 के लिए नई कार्यकारिणी का किया गठन

### अध्यक्ष दादूलाल मनहर ,महासचिव अरविंद पांडे निर्वाचित किए गए

- संवाददाता -
कोरबा,20 दिसम्बर 2023
(घटती-घटना)।

जिले में छत्तीसगढ़ सक्रिय पत्रकार संघ कोरबा जिला इकाई के द्वारा दिनांक 20 दिसंबर 23 को बैठक रखी गई थी द्य बैठक में वर्ष 2024-25 के लिए नए कार्यकारिणी सदस्यों का किया गया चयन । छत्तीसगढ़ सक्रिय पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री राज गोस्वामी के दिशा निर्देश अनुसार कोरबा जिले में जिला इकाई कार्यकारिणी का गठन किया गया । इस दौरान प्रदेश सचिव अब्दुल असलम के मौजूदगी में जिला इकाई के लिए पदाधिकारियों का चयन किया गया । जिसके अंतर्गत श्री दादू लाल मनहर को अध्यक्ष एवं महासचिव के पद पर श्री अरविंद पांडेय को सर्वसम्मति से चुना गया । वही उपाध्यक्ष पद पर श्री रवि शिवहरे एवं श्री अविनाश प्रसाद,कोषाध्यक्ष पद पर श्री संतोष सोनी, सचिव पद पर श्री बालकृष्ण,श्री जितेंद्र हटेल,श्री संतोष सारथी को सर्वसम्मति चुना गया । बैठक में आगामी वर्ष 2024-25 में किए जाने वाले कार्यों पर विचार विमर्श किया गया साथ ही वर्ष 2023 के कार्यों की समीक्षा की गई । प्रदेश सचिव श्री अब्दुल असलम ने छत्तीसगढ़ सक्रिय पत्रकार संघ के जिले से चयनित सभी नव पदाधिकारियों को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए संघ में अधिक से अधिक पत्रकारों को सदस्यता देने की बात कही,साथ ही संघ में जुड़े सदस्यों के हित में क्या क्या कार्य किया जाए उस पर भी उन्होंने नव निर्वाचित कार्यकारिणी सदस्यों के साथ चर्चा की । बैठक के अंत में प्रदेश अध्यक्ष श्री राज गोस्वामी ने दूरभाष के जरिए सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी ।



# बालिका को अपहरण कर नागपुर ले जाने वाला आरोपी हुआ गिरफ्तार

- संवाददाता -
कोरबा, 20 दिसम्बर 2023
(घटती-घटना)।

पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज बिलासपुर श्री अजय कुमार यादव द्वारा बिलासपुर रेंज में लंबित गुमशुदगी के प्रकरणों की समीक्षा उपरांत समस्त लंबित गुम इंसान को दस्तयाब किए जाने हेतु दिशा निर्देश दिया गया था, जो पुलिस अधीक्षक कोरबा जितेंद्र शुक्ला के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा अभिषेक वर्मा के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा भूषण एक्का के पर्यवेक्षण में नाबालिक बालकों की बरामदगी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के परिपालन में चौकी प्रभारी सीएसईबी उप निरीक्षक नवीन पटेल द्वारा अपने मातहत स्टाफ एवं साइबर सेल टीम के साथ मिलकर चौकी सीएसईबी क्षेत्र अंतर्गत से दिनांक 24.10.2023 से लापता हुई एक नाबालिक बालिका को अपहरण कर ले जाने वाले आरोपी सावन सारथी नामक युवक के कब्जे से दिनांक 17.12.2023 को नागपुर से बरामद कर लाकर परिजनों के सुपुर्द किया गया है। प्रकरण में पीड़ित पक्ष की रिपोर्ट पर दिनांक 27.10.2023 को अपराध क्रमांक 478/2023 धारा 363 द्वश्चष् पंजीबद्ध किया गया था। अतः वैधानिक कार्यवाही पूर्ण करने उपरांत आरोपी सावन सारथी पिता संतराम सारथी उम्र 19 साल निवासी वाल्मीकि आवास पंप हाउस कोरबा को दिनांक 19.12.2023 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया एवं जेल वारंट बनने से जिला जेल कोरबा में दाखिल किया गया है। इस संपूर्ण कार्यवाही में चौकी प्रभारी सीएसईबी उप निरीक्षक नवीन पटेल, सहायक उप निरीक्षक छेदीलाल जाटवर, आरक्षक पुरुषोत्तम मुखर्जी एवं साइबर सेल टीम कोरबा से आरक्षक डेमन ओग्रे महिला आरक्षक रेनू टोप्पो की सराहनीय भूमिका रही है ।

## कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0) एवं भू-अर्जन अधिकारी, भैयाथान जिला-सूरजपुर (छ0ग0)

भू-अर्जन पुर्नवास और पुनर्व्यसथापना में उचित प्रतिकार और पारदर्शिता का अधिकारी

**अधिनियम 2013 के धारा 21 के तहत् लोक सूचना**

क्र.1087/ मु.लि./भू-अर्जन/2023 भैयाथान दिनांक 06/12/2023

भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक :- 202109260400007/अ-82/2020-21

ग्रामः- खोपा, तहसील :-भटगांव

चूंकि खोपा-लोधिमा मार्ग पर पुल निर्माण कार्य में रा.नि.मं.व तहसील भटगांव के अन्तर्गत ग्राम पंचायत खोपा में पुल निर्माण हेतु अर्जित की जा रही भूमि का कब्जा लेने का सरकार का आशय है और ऐसी भूमि में सारे हितों के लिए प्रतिकर दावे उससे लिए जा सकते है। अतएव अर्जित की जा रही निम्नांकित भूमि के संबंध में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वे स्वयं या अपने अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 26/12/2023 को समय 12 बजे उपस्थित होकर भूमि पर अपने हक/माप/प्रतिकार के संबंध में तथा पुर्नवासन और पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकार के संबंध में अपना दावा पेश कर सकते है। उक्त तिथि में दावा प्रस्तुत न करने पर मान लिया जावेगा कि इस कार्यालय/न्यायालय द्वारा जो प्रतिकार निर्धारित किया जा रहा है, उस पर कोई आपत्ति नहीं है।

| क्र0 | भूमि स्वामी का नाम व पिता/पति का नाम जाति | अर्जित भूमि का विवरण | | | भूमि का मुआवजा राशि | पसिम्पत्ति का मुआवजा राशि | वृक्षों का मुआवजा राशि | कुल मुआवजा राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ख.नं. | रकबा हे0 में | भूमि का प्रकार | | | | |
| 1 | धीरन, लीलामनी, उर्मिला, सुमित्रा आ0 धनसाय, मु.लालो बेवा धनसाय दीपन, दरा सिंह परमानन्द सोनामती आ.नान्हू, मु. जगमेन बेवा नान्हू जाति रजवार | 643 | 0.09 | चंवर | 283529 | 0 | 0 | 283529 |
| 2 | देवधारी, श्रीलाल, शिवधारी आ.अमरीकन, मु. महेशिया बेवा अमरीकन, राजाराम, गुलाबसाय, सोमारसाय आ.चौधरी जाति रजवार | 645 | 0.09 | चंवर | 283529 | 0 | 0 | 283529 |
| 3 | दिलीप, पतंगो आ. सहदेव, महादेव अमरसाय, मुखदेव आ. मोहरसाय, भूलो, गउली, मानकुवर, मटको आ0 गजरूप, बुधु, बबलु आ. सुखदेव, सुखमेन पति सुखदेव जाति रजवार | 649 | 0.24 | चंवर | 756077 | 0 | 0 | 756077 |
| 4 | दिलीप, पतंगो आ. सहदेव, महादेव अमरसाय, मुखदेव आ. मोहरसाय, भूलो, गउली, मानकुवर, मटको आ0 गजरूप, बुधु, बबलु आ. सुखदेव, सुखमेन पति सुखदेव जाति रजवार | 650 | 0.12 | चंवर | 378038 | 0 | 0 | 378038 |

जी नंबर-06465/1

अनुविभागीय अधिकारी
एवं भू-अर्जन अधिकारी

## न्यायालय,अनुविभागीय अधिकारी (रा) सूरजपुर,जिला सूरजपुर, (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./..../अ-2/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम-लटोरी को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री समाजीत मिश्रा पिता रामाप्रसाद मिश्रा, जाति-ब्राम्हण, निवासी ग्राम-लटोरी तहसील लटोरी, जिला-सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा उनके स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम-लटोरी, प.ह.नं.-11 रा.नि.मं.-लटोरी तहसील-लटोरी, जिला-सूरजपुर (छ0ग0) स्थित भूमि खसरा क्र 99 रकबा 0.220 हे0 भूमि को औद्योगिक प्रयोजन के लिये भूमि व्यपवर्तन हेतु इस न्यायालय में आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है

अतएव उक्त संबंध में ग्राम-लटोरी के किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 04/01/2024 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं/ उसके पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 20.12.2023 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्ष से जारी किया गया।

सील

विशेष कर्तत्याधिकारी
भूमि व्यपवर्तन,सूरजपुर

## न्यायालय,अनुविभागीय अधिकारी (रा) सूरजपुर,जिला सूरजपुर, (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./..../अ-2/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम-करवां को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सुमन मिश्रा पिता विजयनारायण, जाति-ब्राम्हण, निवासी ग्राम-लटोरी, तहसील-लटोरी, जिला-सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा उनके स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम-करवां, प.ह.नं.-09, रा.नि.मं.-लटोरी तहसील-लटोरी, जिला-सूरजपुर (छ0ग0) स्थित भूमि खसरा क्र 1860/15 रकबा 0.140 हे0 भूमि को औद्योगिक प्रयोजन के लिये भूमि व्यपवर्तन हेतु इस न्यायालय में आवेदन -पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उक्त संबंध में ग्राम-करवां के किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिध के माध्यम से दिनांक 04/01/2024 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं/ उसके पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 20.12.2023 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्ष से जारी किया गया।

सील

विशेष कर्तत्याधिकारी
भूमि व्यपवर्तन,सूरजपुर

## न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा,छ0ग0

रा0प्र0क्र0.../ब-121/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अर्चना तिवारी आ0 अशोक उपाध्याय निवासी नमनाकला पावर हाउस के पास अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 दे द्वारा ग्राम नमनाकला स्थित खसरा नंबर 477/123 रकबा 0.015 हे0 भूमि एवं उस पर निर्मित दो मंजिला मकान को अनावेदक चन्द्रकला सिंह पति अनिल सिंह निवासी वार्ड नंबर 1 आर टी आई एम 1198 विश्रामपुर तहसील विश्रामपुर जिला सूरजपुर छ0ग0 के पास अंकन राशि रूपये 4,00,000/-में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 22/01/2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील

तहसीलदार
अम्बिकापुर,सरगुजा

# नेशनल स्पोर्ट्स अवार्ड 2023 की घोषणा

## मोहम्मद शमी को मिलेगा अर्जुन अवॉर्ड




**नई दिल्ली,20 दिसम्बर 2023।** इस साल मिलने वाले खेल अवॉर्ड्स के लिए एथलीट्स के नामों का ऐलान कर दिया गया है। इसमें सबसे बड़ा सम्मान खेल रत्न अवॉर्ड बैडमिंटन की स्टार जोड़ी चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी को मिलेगा। जबकि अर्जुन अवॉर्ड के लिए स्टार क्रिकेटर मोहम्मद शमी को भी शामिल किया गया है। बता दें कि यह सभी राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 9 जनवरी को दिए जाएंगे। यह घोषणा खेल मंत्रालय ने की है। यह सभी अवॉर्ड राष्ट्रपति द्वारा खिलाड़ियों को प्रदान किए जाएंगे. खेल मंत्रालय के मुताबिक, इस बार मोहम्मद शमी समेत 26 एथलीट्स को अर्जुन अवॉर्ड दिया जाएगा। जबकि मेजर ध्यान चंद खेल रत्न अवॉर्ड 2023 से चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी को सम्मानित किया जाएगा।

# एसए 20 के जरिए भारतीय फैंस के साथ रिश्ता मजबूत करना है:स्मिथ

**नई दिल्ली,20 दिसम्बर 2023।** एसए20 लीग कमिश्नर और पूर्व प्रोटियाज कप्तान ग्रीम स्मिथ ने भारतीय क्रिकेट दर्शकों से जुड़ने के लिए लीग की आकांक्षाओं और इस रिश्ते में डिजिटल जुड़ाव के रणनीतिक जोर पर अपने विचार साझा किए। ग्रीम स्मिथ ने भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों के खेल के प्रति जुनून की सराहना की।स्मिथ ने कहा, भारतीय प्रशंसक हमेशा क्रिकेट के प्रति जुनूनी रहे हैं। एसए20 शाम के मनोरंजन के लिए बेस्ट होगा, जहां हर कोई अपने परिवार के साथ इस खेल का लुत्फ उठा सकता है। ऐसे कई भारतीय प्रशंसक हैं, जो अभी भी दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट के सुनहरे दिनों को याद करते हैं और हम चाहते हैं कि प्रशंसक उस पुरानी यादों को पुनर्जीवित करें।उन्होंने एसए20 के लिए एक रणनीतिक उद्देश्य के बारे में भी बात की।स्मिथ ने कहा, हमारा उद्देश्य एसए20 को नए क्षेत्रों में विकसित करना है। उन क्रिकेट प्रशंसकों का दिल जीतना है, जो एक रोमांचक टी20 अनुभव की प्रतीक्षा कर रहे हैं। लीग अपनी डिजिटल उपस्थिति पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित करने के लिए तैयार है।





# क्रिस जॉर्डन ने बीबीएल में रचा इतिहास

» 17 गेंदों में ठोका सबसे तेज अर्धशतक

» पर्थ के ओप्ट्स स्टेडियम में पर्थ स्कोचर्स के खिलाफ जॉर्डन ने 17 गेंदों पर अर्धशतक जमाकर अपनी टीम को आठ विकेट के नुकसान पर 172 रनों के स्कोर तक पहुंचाया

**पर्थ,20 दिसम्बर 2023।** स्कॉचर्स और होबार्ट हरिकेन्स के बीच बीबीएल के मुकाबले में क्रिस जॉर्डन ने इतिहास रच दिया। दरअसल, क्रिस जॉर्डन ने बिग बैश लीग के इतिहास की चौथी सबसे तेज फिफ्टी लगाई है। पर्थ के ओप्ट्स स्टेडियम में पर्थ स्कोचर्स के खिलाफ जॉर्डन ने 17 गेंदों पर अर्धशतक जमाकर अपनी टीम को आठ विकेट के नुकसान पर 172 रनों के स्कोर तक पहुंचाया। जेसन बेहरनडोर्फ के स्पैल के बाद हरिकेन्स के 28 रनों पर 4 विकेट गिर गए थे। जिसके बाद क्रिस जॉर्डन ने 16वें ओवर में 107 पर 6 विकेट के बाद से आगे बढ़ाया और उनके 20 गेंदों पर 59 रन की बदौलत हरीकेन को मुकाबले में वापल आने का मौका मिला। ये बीबीएल के इतिहास का चौथा सबसे तेज पचासा था। होबार्ट के लिए ये पहला सबसे तेज फिफ्टी है। इस लीग में क्रिस गेल के नाम 2016 में 12 गेंदों में मास्टरक्लास का रिकॉर्ड है। टर्नर जिन्हें इस सप्ताह की आईपीएल नीलामी में लखनऊ सुपर जायंट्स ने 178,000 डॉलर में खरीदा था, 12वें ओवर में अपनी पहली गेंद फेंकते समय उनके दाहिने घुटने में चोट लग गई।

# भारतीय महिला टीम लंबे समय तक दबदबा बनायेगी:एलिसा हीली

**ब्रिसबेन,20 दिसम्बर 2023।** आस्ट्रेलियाई महिला टीम की कप्तान एलिसा हीली ने एकमात्र टेस्ट से पहले बुधवार को यहां कहा कि भारतीय टीम लंबे समय तक दबदबा बनायेगी और मेहमान टीम मेजबानों को हल्के में आंकने का जोखिम नहीं उठा सकती। भारत और आस्ट्रेलिया महिला टीम के बीच अंतिम टेस्ट फरवरी 1984 में यहीं वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया था।



हीली ने गुरूवार को शुरू होने वाले टेस्ट से पहले मीडिया से कहा, ''भारत को निश्चित रूप से उसकी ही सरजमीं पर हराना बहुत मुश्किल है। हमें यहां पहले भी कुछ सफलता मिल चुकी है, मुझे गलत मत समझियेगा लेकिन ड्रेसिंग रूम में मौजूद प्रतिभा को देखते हुए उन्हें कम नहीं आंक सकते।''
हीली ने कहा, ''हमने पिछले दो वर्षों में देखा है कि हम महत्वपूर्ण टूर्नामेंट में अहम मौकों पर उन पर थोड़ा भारी रहने में सफल रहे हैं लेकिन यह इतना भी बड़ा अंतर नहीं है। '' उन्होंने कहा, ''यह भारतीय टीम लंबे समय तक दबदबा बनाने वाली है। ''
मेग लैनिंग के संन्यास के बाद हीली को हाल में आस्ट्रेलियाई टीम का कप्तान नियुक्त किया गया, उन्होंने कहा कि भारत के खिलाफ कोई भी श्रृंखला हमेशा ही कड़ा मुकाबला होती है, भले ही कोई भी प्रारूप हो। चार दिन के एकमात्र टेस्ट के बाद भारत और आस्ट्रेलिया महिला टीम के बीच तीन मैचों की वनडे श्रृंखला और इसके बाद तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेली जायेगी।
हीली ने कहा, ''आस्ट्रेलिया और भारत बनाम श्रृंखलायें हमेशा चुनौतीपूर्ण होती हैं। भले ही कोई भी प्रारूप हो, ये श्रृंखला हमेशा प्रतिस्पर्धी होती हैं। दोनों दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम हैं जो बराबरी पर ही चल रही हैं।

# नवीन उल हक 20 महीने के लिए बैन

**दुबई,20 दिसम्बर 2023।** अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज नवीन उल हक को शारजाह वॉरियर्स के साथ अपने प्लेयर एग्रीमेंट का उल्लंघन करने के लिए यूएई की इंटरनेशनल लीग टी20 से 20 महीने के लिए बैन कर दिया गया है। दूसरे सीज़न से पहले नवीन को नौ मैचों में 24.36 की औसत से 11 विकेट लेने के बाद टीम द्वारा रिटेंशन नोटिस दिया गया था।हालांकि, नवीन ने इस पर साइन करने से इनकार कर दिया। समस्या हल करने का प्रयास करने के लिए शारजाह वारियर्स इंटरनेशनल लीग टी20 तक गए।
नवीन ने जब नोटिस पर साइन करने से मना कर दिया, तब टीम ने लीग के अधिकारियों से संपर्क किया। इंटरनेशनल लीग टी20 ने नवीन से बातचीत करने की कोशिश की लेकिन दोनों के बीच कोई हल नहीं निकला।
लीग की डिसिप्लीनरी कमेटी में चीफ एक्जिक्यूटीव डेविड व्हाइट, सिक्योरिटी और एन्टी-करप्शन प्रमुख कर्नल आजम और एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड के सदस्य जायद अब्बास शामिल थे। इस




कमेटी ने वॉरियर्स और नवीन दोनों की बात सुनी और सबूतों की जांच की।फिर, लीग की तीन सदस्यीय अनुशासन समिति जिसमें लीग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डेविड व्हाइट, सुरक्षा प्रमुख और भ्रष्टाचार विरोधी आजम और सदस्य अमीरात क्रिकेट बोर्ड जायद अब्बास शामिल थे, ने दोनों पक्षों यानी नवीन और शारजाह वारियर्स को अलग से सुना। सबूतों की जांच के बाद पैनल ने नवीन पर 20 महीने के प्रतिबंध का फैसला सुनाया।लीग के चीफ एक्जिक्यूटीव डेविड व्हाइट ने कहा, हमें यह घोषणा करने में गर्व नहीं है लेकिन सभी पक्षों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी अनुबंध संबंधी प्रतिबद्धताओं का पालन करें और यह पहचानें कि गैर-अनुपालन से दूसरे पक्ष को नुकसान हो सकता है। दुर्भाग्य से नवीन शारजाह वॉरियर्स के साथ अपने अनुबंध संबंधी दायित्वों का पालन करने में विफल रहे और ऐसे में लीग के पास उन पर 20 महीने का प्रतिबंध लगाने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।
नवीन का प्रतिबंध अगस्त 2025 तक रहेगा, जिसके कारण वह लीग के अगले दो सीज़न से चूक जाएंगे। प्रतियोगिता का दूसरा सीज़न संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में 2024 जनवरी-फरवरी विंडो में होने वाला है।
इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जाइंट्स ने आईपीएल 2024 मिनी-नीलामी से पहले नवीन को बरकरार रखा। नवीन के जनवरी 2024 में अफगानिस्तान के भारत दौरे में शामिल होने की संभावना है, जिसमें तीन टी20 शामिल हैं।

### रोहित शर्मा की कप्तानी हार्दिक पंड्या को दिए जाने पर जयवर्धने का बयान

# वो मुंबई इंडियंस की विरासत का हिस्सा रहेंगे

**मुंबई,20 दिसम्बर 2023।** मुंबई इंडियंस के वैश्विक क्रिकेट प्रमुख महेला जयवर्धने ने स्वीकार किया कि रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पंड्या को कप्तान बनाने का फैसला कठिन था लेकिन भविष्य को देखते हुए यह जरूरी भी था। पंड्या बतौर कप्तान मुंबई टीम में लौटे हैं जिसकी टीम के प्रशंसकों ने काफी आलोचना की है।



जयवर्धने ने जियो सिनेमा से कहा ,'' यह कठिन फैसला था। यह जज्बाती फैसला था। प्रशंसकों की प्रतिक्रिया आना लाजमी है। लेकिन टीम को ऐसे फैसले लेने होते हैं।'' श्रीलंका के पूर्व कप्तान ने कहा कि सार्थक बातचीत के बाद यह फैसला लिया गया। उन्होंने कहा ,'' हम हमेशा खिताब के लिये खेलना चाहते हैं। अपनी विरासत तैयार करना चाहते हैं। लोगों को लग रहा होगा कि हमने जल्दबाजी की है लेकिन हमें यह फैसला लेना ही था।''जयवर्धने ने कहा ,'' हार्दिक काफी समय ड्रेसिंग रूम का हिस्सा रहा है। इसमें कुछ नया नहीं है। हमें पता है कि वह क्या कर सकता है। यह गुजरात टाइटंस की कप्तानी से अलग अनुभव होगा। उसके लिये यह उस अनुभव के आधार पर आगे बढने का मौका है।'' उन्होंने कहा ,'' रोहित का अगली पीढी को मार्गदर्शन देने के लिये टीम में होना काफी महत्वपूर्ण है। वह शानदार कप्तान रहा है। मैने उसके साथ करीब से काम किया है। वह मुंबई इंडियंस की विरासत का हिस्सा है।''जयवर्धने ने सचिन तेंदुलकर का उदाहरण दिया जिन्होंने मुंबई इंडियंस की कप्तानी छोड़कर सीनियर बल्लेबाज के रूप में खेला और युवा खिलाड़ियों के मार्गदर्शक रहे। उन्होंने कहा ,'' सचिन ने युवाओं के साथ खेला। उन्होंने किसी और को कप्तानी सौंपी और यह सुनिश्चित किया कि मुंबई इंडियंस सही दिशा में जा रही है। यह उसी तरह है।

# हमारी रणनीति ऐसे खिलाड़ियों को लेने की थी जो घरेलू मैदान पर प्रदर्शन में सुधार कर सकें:डुप्लेसी

**नई दिल्ली,20 दिसम्बर 2023।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) नीलामी में फ्रेंचाइजी रणनीति ऐसे खिलाड़ियों के लिए बोली लगाने की थी जो आगामी सत्र में घरेलू मैदान पर बेहतर प्रदर्शन करने में टीम की मदद कर सके। डुप्लेसी का मानना है कि फ्रेंचाइजी ने दुबई में जिन छह खिलाड़ियों के लिए बोली लगाई उससे टीम का संतुलन बेहतर होगा। डुप्लेसी ने यहां जारी बयान में कहा, '' पिछले सत्र के बाद हमें लगा कि टीम को घरेलू मैदान पर सुधार करना होगा। हम दूसरी टीमों के मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रहे थे। '' उन्होंने कहा, '' ऐसे में हमारी रणनीति ऐसे खिलाड़ियों पर बोली लगाने की थी जो हमें घरेलू मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करने में मदद करें। हम पिछले दो महीने से इसकी योजना बना रहे थे कि कौन से गेंदबाज और बल्लेबाज हमारी घरेलू परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।'' डुप्लेसी, विराट कोहली, ग्लेन मैक्सवेल और रजत पाटीदार की मौजूदगी से टीम का शीर्ष क्रम पहले से काफी मौजबूत है। आरसीबी ने नीलामी से पहले ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला कैमरून ग्रीन को मुंबई इंडियन्स से ट्रेड किया था। नीलामी में टीम ने वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ (11.5 करोड़ रुपये), न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन (दो करोड़ रुपये) और इंग्लैंड के टॉम कुरेन (1.5 करोड़ रुपये) के लिए बोली लगाकर अपनी गेंदबाजी विभाग को भी मजबूत किया। उन्होंने इसके अलावा यश दयाल (पांच करोड़ रुपये) और स्पिन ऑलराउंडर स्वप्निल सिंह (20 लाख रुपये) और विकेटकीपर सौरव चौहान (20 लाख रुपये) जैसे भारतीय खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया। चौहान ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 18 गेंद में 61 रन की पारी खेल बल्ले से भी प्रभावित किया था। आरसीबी के मुख्य कोच एंडी फ्लावर भी टीम नीलामी में मिले खिलाड़ियों से खुश दिखे। उन्होंने कहा, '' विराट (कोहली) और फाफ (डुप्लेसी), (रजत) पाटीदार और (ग्लेन) मैक्सवेल के साथ यह वास्तव में एक मजबूत शीर्ष क्रम है। ग्रीन के आने से हमारी बल्लेबाजी और मजबूत हुई है।




# हम इसी उद्देश्य के साथ खेल शुरू करेंगे

**मुंबई,20 दिसम्बर 2023।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में बुधवार को मुंबई सिटी एफसी के खिलाफ मोहन बागान एसजी के आगामी मैच से पहले, मुख्य कोच जुआन फेरांडो ने कहा कि वे अपने विरोधियों के खिलाफ तीन अंक हासिल करने के लिए खेल खेलने आएंगे।प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए, फेरांडो ने कहा कि पिछले सीजन में कोलकाता की टीम मुंबई सिटी के खिलाफ तीन अंक हासिल करने में विफल रही थी। उन्होंने कहा कि उन्हें अपनी लय बरकरार रखने की जरूरत है।÷हम खेल को एक ही लक्ष्य के साथ शुरू करेंगे÷ तीन अंक हासिल करना। पिछले सीज़न में, हमें उनके खिलाफ अच्छे परिणाम नहीं मिले थे। (लेकिन) हमने उनके खिलाफ आखिरी गेम डूरंड कप में जीता था। इसलिए आईएसएल की आधिकारिक वेबसाइट ने फेरांडो के हवाले से कहा, ÷हमें उनके खिलाफ उसी लय को जारी रखना होगा। स्पैनियार्ड ने मुंबई सिटी एफसी की भी प्रशंसा की और कहा कि उनके पास एक अच्छी टीम है। उन्होंने ईस्ट बंगाल एफसी के खिलाफ मुंबई के आखिरी गेम के बारे में बात की और कहा कि वे तीन अंकों के लिए खेल रहे थे।÷मुझे लगता है कि वे एक बहुत अच्छी टीम हैं। अगर आपने ईस्ट बंगाल एफसी के खिलाफ आखिरी गेम देखा है, तो मुझे लगता है कि वे तीन अंक चाहते थे। उन्होंने लगभग 90 मिनट तक एक गोल के लिए जोर लगाया। ईस्ट बंगाल एफसी ने वहां बहुत अच्छा बचाव किया। लेकिन मुझे लगता है कि मुंबई भी हमारी तरह तीन अंक हासिल करने के लिए यहां आएगी। इसलिए यह एक अच्छा मुकाबला होने वाला है, उन्होंने कहा।
अपनी टीम की तैयारी के बारे में बात करते हुए फेरांडो ने कहा कि उन्होंने अपनी टीम को रक्षात्मक और आक्रामक दोनों कार्यों के लिए प्रशिक्षित किया है.÷मेरे पास कभी भी किसी खिलाड़ी के लिए व्यक्तिगत योजना नहीं होती है। मैं हर समय अपनी टीम पर भरोसा करता हूं। मैं टीम को रक्षात्मक और आक्रामक चीजों के लिए तैयार करता हूं, लेकिन मेरे पास कभी भी व्यक्तिगत खिलाड़ियों के लिए योजना नहीं होती है, क्योंकि मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण बात योजना बनाना है।÷ टीम,÷ उन्होंने आगे कहा।
कोलकाता की टीम लीग में अपने सात मैचों में से छह जीतकर आईएसएल स्टैंडिंग में 19 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। मोहन बागान एसजी 15 दिसंबर को नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी को 3-1 से हराने के बाद इस खेल में आ रहे हैं।




# झारखंड के तीन खिलाड़ी बने करोड़पति

**रांची ,20 दिसम्बर 2023।** झारखंड के तीन खिलाड़ियों ने 2024 आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) नीलामी में बाजी मारी है. यह पहली बार देश के बाहर दुबई के कोका-कोला एरिना में हुआ। इस नीलामी में रॉबिन मिंट्ज़ और सुशांत मिश्रा को गुजरात टाइटंस ने और कुमार कुशाग्र को दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा। आईपीएल के 17वें संस्करण के लिए खिलाड़ियों की नीलामी कोका कोला एरेना दुबई में हुई, जहां खिलाड़ियों पर खूब पैसे लुटाए गए. दिल्ली कैपिटल्स ने झारखंड के बोकारो में रहने वाले 19 वर्षीय बल्लेबाज कुमार कुशाग्र के लिए एक शानदार पेशकश की है। दिल्ली को कुमार कुशाग्र ने 7.20 करोड़ रुपये में खरीदा। झारखंड के प्रमुख आदिवासी क्रिकेटर रॉबिन मिंट्ज़ के लिए भी कई टीमें खुलेआम प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। लेकिन विकेटकीपर बल्लेबाज रॉबिन मिंट्ज़, जिनका बेस प्राइस 20 लाख रुपये था, को गुजरात टाइटंस ने 3.60 करोड़ रुपये में खरीदा. रॉबिन को चेन्नई से लेकर मुंबई तक खरीदने के ऑफर आए, लेकिन अंत में गुजरात ने उन्हें खरीद लिया।




# सूर्या की कंगुवा 38 भाषाओं में होगी रिलीज,ऐसा करने वाली पहली तमिल फिल्म

सिरुथाई शिवा के निर्देशन में बन रही फिल्म कंगुवा का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।इसमें दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता सूर्या मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म में उनकी जोड़ी पहली बार दिशा पाटनी के साथ बनी है, जिसे देखने के लिए दर्शक काफी उत्साहित हैं। वहीं, फैंस इस फिल्म के विलेन को लेकर एक्साइटेड हैं. फिल्म में लीड हीरो-हीरोइन का खुलासा पहले ही हो चुका है. इसमें विलेन का किरदार निभाने वाले एक्टर को लेकर फैंस के बीच हलचल है. रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म में बॉलीवुड एक्टर बॉबी देओल विलेन के किरदार में नजर आने वाले हैं. बॉबी की फिल्म में मौजूदगी इसे पैन इंडिया बनाने में मदद करेगी. ताजा खबर यह है कि कंगुवा को लगभग 38 भाषाओं में सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। कंगुवा के 3डी और आईमैक्स संस्करण भी सिनेमाघरों में रिलीज होगा। ऐसा पहली बार होगा, जब कोई तमिल फिल्म 38 भाषाओं में दर्शकों के बीच आएगी। कंगुवा अगले साल रिलीज होगी। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है।फिल्म में सूर्या कभी नहीं देखे गए अवतार में नजर आएंगे, जिसकी झलक सामने आए पोस्टर में साफ दिख रही है।इसमें भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता और कॉमेडियन योगी बाबू भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।हालांकि मेकर्स ने कंगुवा की रिलीज डेट का खुलासा नहीं किया है. टीजर में मेकर्स ने बताया कि इसे अगले साल (2024) की शुरुआत में रिलीज किया जाएगा. वहीं, सैकनिल्क ने दावा किया है कि सूर्या और दिशा पाटनी स्टारर यह फिल्म 12 अप्रैल 2024 को रिलीज होगी.



# वामिका गब्बी ने वरुण धवन के साथ वीडी 18 की शूटिंग शुरू की



अभिनेत्री वामीका गब्बी ने 2024 की तैयारी एक शानदार शुरुआत से की है, उन्होंने वीडी18 की शूटिंग शुरू कर दी है, जिसमें 2023 के सबसे सफल फिल्म निर्माता एटली द्वारा निर्मित और मुराद खेतानी द्वारा सह-निर्मित प्रोजैक्ट में वरुण धवन और कीर्ति सुरेश के साथ अभिनय करते नज़र आयेगी। वीडी18 का निर्देशन तमिल उस्ताद कलीस ने किया है, जिसने आगामी वर्ष में अपनी रिलीज़ की योजना के साथ पहले से ही सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर उत्साह और चर्चा का माहौल बना दिया है। वामिका, जो वर्तमान में अपनी शूटिंग प्रतिबद्धताओं के लिए मुंबई और कोच्चि के सुंदर परिदृश्यों के बीच अपने व्यस्त करियर के हर पल का आनंद ले रही है। एक बयान में, वामीका गब्बी ने साझा किया, वीडी18 का हिस्सा बनना मेरे लिए एक रोमांचक अनुभव है। एटली सर के दूरदर्शी निर्देशन में वरुण धवन और कीर्ति सुरेश जैसी असाधारण प्रतिभाओं के साथ जुड़ना एक रचनात्मक यात्रा है जिसे देखने के लिए मैं उत्सुक हूं। मैं हमेशा 2023 का आभारी रहूंगी।




# विद्युत जामवाल की क्रैक का शानदार टीजर हुआ रिलीज

कमांडो,खुदा हाफीज और फोर्स जैसी फिल्मों में अपने एक्शन सीसं से हैरान करने वाले विद्युत जामवाल एक बार फिर बड़े पर्दे पर मारधाड़ करते दिखाई देंगे। आगामी फिल्म क्रैक में विद्युत के धमाकेदार एक्शन की एक झलक दिखाई दी है। आदित्य दत्त के निर्देशन में बनी फिल्म क्रैक अगले साल सिनेमाघरों में दस्तक देगी। विद्युत के एक्शन के दीवाने फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। फाइनली फिल्म की एक झलक सामने आ गई है। जी हां, विद्युत ने सोशल मीडिया पर क्रैक का धांसू टीजर रिलीज किया है।
क्रैक के टीजर की शुरुआत ही एक्शन से होती है। प्लेन से नीचे कूदने वाला सीन हो या फिर दुश्मनों के साथ खतरनाक फाइटिंग, फिल्म का टीजर शानदार लग रहा है। फिल्म में डायलॉग भी दमदार है। विद्युत कहते दिखे, जिंदगी तो साला सबके साथ ही खेलती है, लेकिन असली प्लेयर वही है, जो जिंदगी के साथ खेले। डर नहीं, डेयरिंग से खेलता हूं और दिमाग से थोड़ा क्रैक हूं। टीजर में अर्जुन रामपाल की भी झलक दिखाई गई। वह फिल्म में विद्युत जामवाल के दुश्मन के रूप में दिखाई दे सकते हैं। उनका खतरनाक लुक भी फैंस को पसंद आया। टीजर में वह डायलॉग बोलते नजर आए, इस गेम का सिर्फ एक रूल है, जो जीतेगी वो जिएगा। टीजर में नोरा फतेही भी नजर आईं। फिल्म में एमी जैक्सन भी मुख्य भूमिका में हैं, लेकिन वह वीडियो में दिखाई नहीं दीं। बता दें कि क्रैक अगले साल 23 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। आदित्य दत्त ने डायरेक्शन के साथ-साथ फिल्म की कहानी भी लिखी है। नोरा फतेही की जगह पहले लीड रोल में जैकलीन फर्नांडिज थीं, लेकिन ऐन मौके पर वह फिल्म से बाहर हो गईं।

# सुशासन का नया दौर प्रारंभ करने के लिए मेरी सरकार संकल्पबद्ध:राज्यपाल

## सरकार विभिन्न वायदों को पूरा करने की दिशा में समुचित कदम उठाएगी

**रायपुर,20 दिसम्बर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता, भारतरत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी तथा वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आदर्शों और सिद्धांतों के अनुसार, छत्तीसगढ़ में सुशासन का नया दौर प्रारंभ करने के लिए उनकी सरकार संकल्पबद्ध है। उन्होंने बुधवार को कहा कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिलाओं, युवाओं, किसानों, वन-आश्रितों और ग्रामीण समुदायों के लिए अतिरिक्त संवेदनशील दृष्टिकोण की आवश्यकता है और ये समूह राज्य सरकार की प्राथमिकता में बने रहेंगे। छत्तीसगढ़ की छठवीं विधानसभा के पहले सत्र के दूसरे दिन राज्यपाल के अभिभाषण में नवनिर्वाचित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के चुनावी वादों का जिक्र हुआ। राज्यपाल ने कहा कि राज्य सरकार लोगों से किए गए वादों को पूरा करने के लिए आवश्यक उपाय करेगी।

उन्होंने कहा,प्रदेश के सभी क्षेत्रों और सभी व्यक्तियों के लिए समृद्धि और खुशहाली के रास्ते बनाना, शांति और सद्भाव के साथ सबके जीवन स्तर उन्नयन के लिए कार्य करना, सभी को संविधान सम्मत अधिकार दिलाना और प्रदेश को देश के अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करना जैसे लक्ष्य मेरी सरकार के सामने हैं।

हरिचंदन ने कहा,प्रदेश में ऐसे कई लोग हैं, जिन्हें सामाजिक आर्थिक विकास के लिए विशेष सहायता की आवश्यकता है।



अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिला, युवा, किसानों, वन आश्रितों, ग्रामीणों और परंपरागत व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए विशेष संवेदनशीलता अपेक्षित है। ऐसे सभी वर्ग मेरी सरकार की प्राथमिकता में रहेंगे।÷

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख घर बनाने के नवगठित सरकार के पहले कैबिनेट फैसले की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यह कदम राज्य सरकार के कामकाज की ठोस शुरुआत का प्रतीक है।राज्यपाल ने कहा, ÷मेरी सरकार चुनाव के दौरान किए गए विभिन्न वादों को पूरा करने की दिशा में समुचित कदम उठाएगी।

धान खरीदी के दो वर्षों के लंबित बोनस का भुगतान, कृषक उन्नति योजना, दीनदयाल उपाध्याय कृषि मजदूर कल्याण योजना, महतारी वंदन योजना, घर-घर निर्मल जल अभियान, रानी दुर्गावती योजना, तेन्दूपत्ता संग्रहण दर 5500 रुपए प्रतिमानक बोरा करने, 4500 रुपए तक बोनस, चरण पादुका और अन्य सुविधाएं पुनः प्रारंभ करने जैसे चुनाव घोषणा पत्र के मुद्दों पर निर्णय की समयबद्ध प्रक्रिया अपनाई जाएगी।÷

राज्यपाल ने नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच सौहार्दपूर्ण तथा सम्मानजनक रिश्ते बने रहेंगे और दोनों पक्ष मिलकर प्रदेश के विकास के लिए काम करेंगे।

उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग, छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन अधिकारी और हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले हजारों अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी।

राज्यपाल ने कहा, नक्सलवाद प्रभावित कई विधानसभा क्षेत्रों में अच्छे मतदान के आंकड़े बताते हैं कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए ग्रामीण और वन अंचल में रहने वाली जनता का मनोबल मजबूत हुआ है। मैं चाहूंगा कि मेरी सरकार के जनहितकारी कार्यों से उनका विश्वास लगातार मजबूत हो।

# पीएससी घोटाले की होगी जांच

### नौजवानों के साथ नहीं होगा अन्याय अत्याचार

**रायपुर,20 दिसम्बर 2023(ए)।** पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल का बड़ा बयान सामने आया। उन्होंने विपक्ष को करारा जवाब देते हुए कहा कि जनता उन्हें नीरस कर दिया है इसलिए उन्हें सब नीरस दिखाई दे रहा है। राज्यपाल ने सरकार का जो काम है, सरकार ने जो वादा किया है उसकी बात कही है। पीएससी घोटाले की जांच होगी। लाखों नौजवानों को एक संदेश है आने वाले समय में नौजवानों के साथ अन्याय अत्याचार या भ्रष्टाचार नहीं होगा।



पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने आगे कहा कि उनके भविष्य के साथ सरकार खिलवाड़ नहीं करेगी। इसके साथ में उन्होंने छत्तीसगढ़ की महिलाओं, किसानों, नवजवानों, वनवासियों, आदिवासियों, पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जातियों सबको साथ में लेकर चलने की बात कही है। राज्यपाल उनका विस्तृत भाषण बजट के समय आएगा ये तो प्रारंभिक भाषण है। सरकार को बने 15 दिन भी नहीं हुआ है, तब राज्यपाल का इतनी बड़ी उद्घोषणा सरकार की काम को प्रदर्शित करता है। वहीं अनुपूरक बजट पर पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि आज जो बजट आया उसमें मोदी की गारंटी, मातृ वंदन योजना के लिए, पीएम आवास के लिए और धान खरीदी के लिए पैसा रखा गया है। यह पहली सरकार है जो बनते ही मोदी की गारंटी बात की हैं। बजट आएगा तब आप देखिएगा कांग्रेस के लोग जमीन पर लौटने लगेंगे। इसके अलावा उन्होंने उमेश पटेल के कठपुतली वाले बयान पर कहा कि थोड़ा इंतजार करिए, जब सरकार बनेगी, तो मंत्रिमंडल का गठन होगा। तब इनको समझ आएगा कि फैसला कैसे होते है.फैसला भ्रष्टाचार करने के लिए नहीं होते हैं। अपने-अपने लोगों को बचाने पर भ्रष्टाचार में साथ दे उनके लिए नहीं होते हैं।

# नंद कुमार साय ने कांग्रेस पार्टी से भी दिया इस्तीफा

**रायपुर,20 दिसम्बर 2023(ए)।** विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद कांग्रेस में घमासान मचा हुआ है। एक के बाद एक कई नेता पार्टी छोड़ रहे हैं। इसी कड़ी में एक और वरिष्ठ नेता नंद कुमार साय ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। बता दें कि चुनाव से ठीक पहले ही नंदकुमार साय ने भाजपा से इस्तीफा देकर कांग्रेस का दामन थामा था।



### चंद्रशेखर शुक्ला को कांग्रेस ने जारी किया नोटिस

चंद्रशेखर शुक्ला को कांग्रेस ने नोटिस जारी किया है। जारी नोटिस में लिखा है छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव-2023 के परिणाम समीक्षा के संदर्भ में आपके द्वारा प्रस्तुत पत्र सार्वजनिक रूप से मीडिया / सोशल मीडिया में प्रसारित करने से पार्टी संगठन की छवि धुमिल हुयी है, जिसे छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने गंभीरता से लेते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किये जाने का निर्णय लिया है। मान. प्रदेश अध्यक्ष जी के निर्देशानुसार आपको कारण बताओ नोटिस जारी किया जाता है। नोटिस का लिखित जवाब / स्पष्टीकरण पत्र प्राप्ति के 3 दिवस के भीतर प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रेषित करें।

# महिला आयोग के अध्यक्ष किरणमयी नायक को पद से हटाने पर रोक

**रायपुर,20 दिसम्बर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में भले ही कांग्रेस सत्ता से बाहर हो गई है,लेकिन महिला आयोग के अध्यक्ष के पद पर कांग्रेस नेत्री किरणमयी नायक बनी रहेंगी.। नायक की याचिका पर तत्काल सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के जस्टिस चंद्रवंशी ने किसी भी प्रकार की जबरिया कार्रवाई पर रोक लगा दी है.।



बता दें कि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने एक पत्र जारी कर सभी निगम मंडल और आयोग के अध्यक्ष को तत्काल पद से मुक्त करने का आदेश किया था.। इस आदेश के बाद महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक ने जस्टिस चंद्रवंशी की बेंच में याचिका दायर की थी, जिस पर सुनवाई करते हुए आज स्टे दे दिया है।.

# राज्यपाल के अभिभाषण में भाजपा के जनता से किए वादे कहीं भी नहीं दिखाई दिया:भूपेश

**रायपुर,20 दिसम्बर 2023(ए)।** पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने अनुपूरक बजट पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि जिन मुद्दों और वादों को लेकर भाजपा में सत्ता में आई है उसकी झलक राज्यपाल के अभिभाषण में कही दिखाई नहीं दी है। चुनाव के दौरान भाजपा जिन वादों को लेकर जनता के बीच गई, वह कदम सरकार बनने के बाद दिखाई नहीं दिया।



छत्तीसगढ़ विधानसभा में राज्यपाल बिस्वा भूषण हरिचंदन के अभिभाषण को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नीरस करार दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यपाल ने अंग्रेजी में भाषण दिया। राज्यपाल का भी भाषण आईना होता है, उसमें वह बात नहीं आई जो छत्तीसगढ़ के लिए जरूरी था। राज्य सरकार ने राज्यपाल से नीरस भाषण कराया। उन्होंने कहा कि अनुपूरक बजट प्रस्तुत हुआ। 18 लाख आवास की बात करते हैं। कल्याण उन्नति योजना है, 3100 रुपए के बारे में कहा गया है, बोनस के बारे में कहा गया है, कर्ज माफी के बारे में मुख्यमंत्री अलग कहते हैं, और उनके नेता अलग कहते हैं।

नक्सली घटनाओं को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि नक्सल नियंत्रण पर हमारी सरकार ने काम किया। भाजपा सरकार नियंत्रण नहीं कर पा रही है. एक भी मतदान केंद्र नहीं था, जिसमें 0त्न मतदान हुआ हो। अधिक मतदान होना इस बात का प्रमाण है कि कांग्रेस सरकार में नक्सली पर लगाम लगा था।

## सरकार ने हाई कोर्ट को दिया जवाब

# सिम्स में व्यवस्था पहले से काफी बेहतर





**बिलासपुर,20 दिसम्बर 2023 (ए)।** हाई कोर्ट में सिम्स अस्पताल की व्यवस्था को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से बताया गया कि यहां की व्यवस्था में अब काफी सुधार हो चुका है। साथ ही यह भी बताया गया है कि चीफ सेक्रेटरी अमिताभ जैन सिम्स में चल रहे सुधार कार्यों पर स्वयं निगरानी रख रहे हैं।

### हाईकोर्ट ने स्वयं लिया है संज्ञान

गौरतलब है कि सिम्स में मरीजों को होने वाली परेशानी, व्याप्त गंदगी और घंटों इंतजार के बाद भी इलाज नहीं होने की शिकायतों पर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने स्वत~ संज्ञान लेकर एक जनहित याचिका सुनवाई के लिए ली थी। इस दौरान राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि चीफ सेक्रेटरी अमिताभ जैन सिम्स में चल रहे सुधार कार्यों पर स्वयं निगरानी रख रहे हैं। बिल्डिंग में साफ सफाई की स्थिति, डॉक्टरों की और स्टाफ की उपलब्धता और मशीनों का रखरखाव पहले से बेहतर हुआ है। यह सब कार्य हाई कोर्ट के निर्देश पर नियुक्त ओएसडी की देख-रेख में हो रहा है। सुधार निरंतर जारी है। हाईकोर्ट ने अगली सुनवाई में प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा है, जो 17 जनवरी को होगी।

# विधानसभा में कठपुतली को लेकर चले सियासी वार

### पूर्व मंत्री पटेल और मूणत का वार पर पलटवार

**रायपुर,20 दिसम्बर 2023 (ए)।** विधानसभा में आज सत्ता पक्ष और विपक्ष का वार और पलटवार का नजारा देखने को मिला। विधायक उमेश पटेल ने मुख्यमंत्री साय को जहां कठपुतली करार दे दिया। वहीं भाजपा विधायक राजेश मूणत ने पलटवार करते हुए कहा कि आज पहले दिन ही कांग्रेस फड़फड़ाने लगी है, थोड़ा इंतजार करिए। छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र में अभिभाषण पर सदन के बाहर भी पक्ष और विपक्ष के बीच सियासी तीर चले।पूर्व मंत्री उमेश पटेल ने कहा कि सरकार गठन





के बाद भी अब तक कोई निर्णय नहीं होने पर तंज कसते हुए कहा कि किसान टकटकी की लगाकर देख रहे हैं। कांग्रेस सरकार बनते ही 2 घंटे के अंदर ही किसानों के लिए फैसला आ गए थे. इस सरकार के 10 दिन हो गए हैं, लेकिन कोई फैसला नहीं हुआ है।पूर्व मंत्री उमेश पटेल ने मुख्यमंत्री साय को कठपुतली करार देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री साय सक्षम व्यक्ति है, रायगढ़ का प्रतिनिधित्व उन्होंने किया है, लेकिन वे एक कठपुतली की तरह काम कर रहे हैं। वे मंत्रिमंडल का गठन नहीं कर पा रहे हैं।

रिमोट कंट्रोल के द्वारा वह काम कर रहे हैं, उन्हें यह जल्दी छोड़ना पड़ेगा. छत्तीसगढ़ के लोगों ने छत्तीसगढ़िया के लिए वोटिंग किया है. वह हिम्मत करके अपना फैसला सुनाएंगे तो विपक्ष उनके साथ है। रिमोट कंट्रोल दिल्ली में है, या हो सकता है नागपुर में हो।

मुख्यमंत्री को कठपुतली कहे जाने पर पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी अपने आप को सरकार मानकर चल रही है. उनके मंत्री भी अपने आप को मंत्री मान रहे हैं।

अभी भी वह होश में नहीं आए हैं कि सरकार चली गई है, भरोसा खत्म हो गया है. समय के साथ-साथ निर्णय होंगे. जो मोदी जी की गारंटी है वह 100त्न पूर्ण करेंगे. हमारी जिम्मेदारी है, हमारे मुखिया स्पष्ट कर चुके हैं। आज पहले दिन ही कांग्रेस फड़फड़ाने लगी है, थोड़ा इंतजार करिए।

# अब टमाटर हुआ सस्ता

### थोक में चार-पांच रुपए का भाव

**रायपुर,20 दिसम्बर 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ में टमाटर (जवउंजव)के फसलों के बाजार में पहुंचने के बाद इसके दाम में भारी गिरावट आई है। एक महीने पहले इसके भाव थोक में 25-28 रुपए तो चिल्हर में 50-60 रुपए किलो थे, लेकिन पिछले दो सप्ताह से लोकल फसलों की आवक बढ़ते ही थोक मंडियों से चिल्हर बाजार (ीवसमेंसम उंतामज.)में टमाटर के भाव में भारी गिरावट आई है।



थोक में 4-5 रुपए तो चिल्हर में 10-15 रुपए किलो की दर से टमाटर बिक रहे हैं। हालांकि आने वाले दिनों में टमाटर के भाव में और गिरावट आने की संभावना बहुत कम है, जिससे किसानों को टमाटर फेंकने की नौबत आने की आशंका भी कम नजर आ रही है। गत वर्षों में देखा गया था कि बंपर उत्पादन होने से टमाटर के भाव में इस कदर गिरावट आई थी कि किसानों का उत्पादन का खर्च निकलना तो दूर, तोड़ाई और खेत से मंडी तक ले जाने भाड़ा का खर्च तक निकल नहीं पाया था, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। प्रतिदिन 20-25 गाड़ियां पहुंच रही मंडियों में प्रदेश में टमाटर की अच्छी फसल होने के कारण मंडियों में टमाटर की आवक बढ़ी है। रायपुर की थोक मंडी में प्रतिदिन टमाटर की 20-25 गाड़ियां पहुंच रही है। इसके कारण थोक व्यवसायियों ने अब दूसरे राज्यों से टमाटर मंगाना बंद कर दिया है ।

# नक्सलियों के सफाए की तैयारी,500 हाईटेक कैमरे से माओवादियों पर नजर



**दंतेवाड़ा, 20 दिसम्बर 2023 (ए)।** प्रदेश में सरकार बदलने के साथ नक्सली मोर्चे की गतिविधियों अटैक करने कवायद शुरू हो चुकी है। नक्सल प्रभावित जिले के सभी थाना क्षेत्रों को हाईटेक कैमरों से सुसज्जित कर दिया गया है।पुलिस अधिकारियों का दावा है कि, माओवादियों की स्मॉल एक्शन टीम पर नकेल कसेगी। वहीं दूसरी ओर माओवादियों की शहरी नेटवर्क का भी पहचानने में आसानी होगी। नक्सलियों की सप्लाई लाइन पर भी रोक लग जाएगी। बता दें कि, लाल आतंक की कमर तोड़ने के लिए दंतेवाड़ा जिले के सभी थानों में हाईटेक कैमरे लगा दिए गए हैं. शहरी क्षेत्रों में जब भी नक्सली वारदात को अंजाम दिया गया, उसमे माओवादियों की स्मॉल एक्शन टीम का नाम सामने आया।नक्सलियों की बड़ी सप्लाई शहरों के ओवर ग्राउंड नक्सलियों से होती रही है, जिसको पहचानने में पुलिस विभाग को खासी समस्यों का सामना करना पड़ता था. थाना क्षेत्रों में हाइटेक कैमरे लग जाने के बाद अपराध पर भी रोक लगेगी. लगाए गए कैमरों की कमान थाना पुलिस के पास होगी.जिले के थाना क्षेत्रों में 500 से अधिक एएनआर फि क्स्ड कैमरा लगाए गए. इन कैमरों की खासियत 60 मीटर से अधिक रेंज में वीडियो बनाना है। साथ ही वाहनों की नंबर प्लेट तक भी कैप्चर कर लेंगे. पुलिस अधिकारियों ने जिले के सभी शहरों के थाना को प्रमुखता से टारगेट किया है। यहां चौक चौराहों और बाजारों को कैमरों को कवर किया गया है। बताया जा रहा है कैमरों की कमान थाना पुलिस के पास रहेगी।

# एम्बुलेस में मिला 3 क्विंटल गांजा

**रायपुर,20 दिसम्बर 2023 (ए)।** राजधानी रायपुर में एम्बुलेस से 3 क्विंटल गांजा जब्त की गई है। जानकारी के मुताबिक पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की डूमर तालाब चाणक्य स्कूल टर्निंग के पास एक एम्बुलेस खडी थी, जिसमे वाहन चालक मिलाकर चार व्यक्ति है। उसमें अवैध मादक पदार्थ गांजा है, सूचना पर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया, जिसमें तीन व्यक्ति पुलिस को देखकर भाग गया तथा चालक मौके पर पकडा गया। वाहन चालक से पूछताछ करने पर अपना नाम सूरज खुंटे पिता कृष्णलाल खुंटे उम्र 22 साल साकिन ग्राम डोंगियाभाठा थाना भटगांव जिला सारंगढ़ -बिलाईगढ़ का होना बताया तथा अपने भागे




हुए साथी का नाम गोलू चन्द्रा तथा अन्य दो का नाम मालूम नही होना बताया। वाहन को चेक करने पर उसमे 72 पैकेट ब्राऊन कलर के रेपर से सील पैक मादक पदार्थ गांजा भरा होना पाया गया। उक्त मादक पदार्थ गांजा के संबंध में पूछने पर गांजा को उडिसा से लाना तथा बलौदाबाजार से अन्य राज्य अपने फरार साथी गोलू चन्द्रा निवासी ग्राम सलौनी कला थाना भटगांव जिला सारंगढ़ के साथ मिलकर ले जाना बताया। मौके पर आरोपी चालक के कब्जे से एक एम्बुलेस कमांक सी जी - 0 4 / एच.डी.- 8385 में 72 पैकेट मादक पदार्थ गांजा कुल वजनी 364. 300 किलो ग्राम जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर अपराध कमांक 00/2023 धारा 20 (ख) एन. डी.पी.एस. एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया, मौके से फरार आरोपियो के संबंध में तस्दीकी किया जाता है।

**आरोपी:**सुरज खूटे पिता कृष्णलाल खुटे उम्र 22 साल निवासी ग्राम डोंगियाभाठा थाना भटगांव जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ है ।

# युवक ने कारोबारी को मारी गोली







- » पिस्टल, देसी कट्टा और कारतूस बरामद
- » नल व्यापारी को दिनदहाड़े मारी गोली

**रायपुर,20 दिसम्बर 2023 (ए)।** रायपुर में दिनदहाड़े एक व्यापारी पर युवक ने गोली दाग दी। व्यापारी को सीने में गोली लगी। बताया जा रहा है कि व्यापारी गंभीर रूप से घायल हो गया ह जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना राजधानी के लाभांडी इलाके की है।वहीं एसएसपी अग्रवाल ने कहा कि बुधवार सुबह आरोपी अमन शर्मा जो कि ओडिशा का रहने वाला है। उसने नल व्यापारी संदीप कुमार पर गोली चलाई है। गोली सीने में लगी है। वहीं आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी से पिस्टल, देसी कट्टा और दो कारतूस भी बरामद किए गए है। पुलिस ने मार्ग कायम कर घटना की जांच शुरू कर दी है।




प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)